

MPHIN/2021/83938

दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 336 | ग्वालियर , 1 अक्टुबर शनिवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

बिलासपुर में बोले पीएम मोदी- कांग्रेस सरकार के अत्याचारों से त्रस्त जनता

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में परिवर्तन महा संकल्प रैली में शामिल हुए. इसके बाद पीएम मोदी (क्क रूस्रस्रद्ब) ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है. कांग्रेस सरकार के अत्याचारों से त्रस्त अब छ्तीसगढ़ की जनता कह रही है और नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे. छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त है. रोजगार के नाम पर घोटाले ही घोटाले हैं.

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ की आकांक्षाओं को समझते हुए इस प्रदेश का निर्माण किया था. छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा केंद्र में हो या राज्य में पूरी तरह समर्पित रही है. आप लिख लीजिए

आपका सपना मोदी का संकल्प है. उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में छत्तीसगढ़ को केंद्र से हजारों करोड़ रुपये मिले हैं. यह बात यहां के उप मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक सभा में कहीं थी उन्होंने सच बोला तो पार्टी के नीचे से लेकर ऊपर तक तूफान खड़ा हो गया. उन्होंने आगे कहा कि जब कांग्रेस की सरकार दिल्ली में थी, रिमोट कंट्रोल से सरकार चलती थी तब छत्तीसगढ़ को रेलवे के लिए औसतन 300 करोड़ रुपया मिलता था, लेकिन इस साल भाजपा सरकार ने एक वर्ष में छत्तीसगढ़ को रेलवे विस्तार के लिए 6000 करोड़ रुपये दिए हैं. यह है मोदी मॉडल. मोदी यानि गारंटी पूरी करने की गारंटी है. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब लोकसभा और विधानसभा में बहनों के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो जाएंगी. मोदी तो करेगा, मोदी जो गारंटी देता है वह पूरी करता है, लेकिन आप माताओं-बहनों को सतर्क रहना होगा. कांग्रेस और इसके घमंडिया साथी उनको लग रहा है कि मोदी ने क्या कर दिया, वे गुस्से से भरे हुए हैं, उनकी नींद हराम हो गई है. इस डर के कारण वे नए-नए खेल खेल रहे हैं. अब वे बहनों में भी फूट डालना चाहते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद कैबिनेट का पहला फैसला गरीबों के पक्के घर जो बाकी हैं वे तेज गति से बनाने का काम पूरा किया जाएगा. वे (कांग्रेस) मोदी के बहाने पूरे पिछड़े समाज को गाली देने से पीछे नहीं हटते हैं.

2 हजार रुपये के नोट बदलने की बढ़ी तारीख

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने इस वर्ष दो हजार रुपये के नोटों को चलन से बाहर कर दिया. इसके लिए सरकार ने 30 अक्टूबर 2023 तक बैंकों में 2 हजार रुपये के नोट जमा करने या बदलने की तारीख निर्धारित की थी. भारतीय रिजर्व बैंक ने अंतिम दिन यानी शनिवार को बड़ी राहत दी है. आरबीआई ने 2 हजार रुपये के नोट बदलने की तारीख बढ़ा दी है. भारतीय रिजर्व बैंक ने 2 हजार रुपये के नोट को लेकर एक नया सर्कुलर जारी किया है. आरबीआई ने कहा कि दो हजार रुपये के नोट बदलने की तारीख अब बढ़ाकर 7 अक्टूबर 2023 तक कर दी गई है. अब लोग लोग 7 अक्टूबर तक अपने दो हजार रुपये के नोट बैंकों में जमा या बदलवा सकते हैं. 7 अक्टूबर के बाद आरबीआई की सिर्फ 19 शाखाओं में ही ये नोट जमा हो सकेंगे, इसलिए आप लोग निर्धारित तारीख से पहले ही अपने नोट जमा करवा दें. आपको बता दें कि पहले बैंकों में दो हजार रुपये के नोट जमा करने या बदलने की तारीख आज यानी शनिवार की शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई थी. वहीं, एटीएम में आज रात 12 बजे तक दो हजार रुपये के नोट जमा करने का समय है. अब आरबीआई ने नोट बदलने और जमा कराने की मियाद 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी है. आरबीआई ने कहा कि 2000 के नोट लीगल टेंडर यानि वैध बने रहेंगे. अब तक बैंकों में 3.42 लाख करो? रुपये जमा हो चुके हैं.

लिपस्टिक वाली हक मार लेंगी बयान पर अब्दुल बारी सिद्दीकी ने दी ये सफाई तो बीजेपी ने कसा तंज

नई दिल्ली। देश में महिला आरक्षण बिल पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है. आरजेडी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर महिलाओं पर विवादित बयान दिया. उन्होंने शुक्रवार को बिहार के मुजफ्फरपुर में हुए कार्यक्रम में कहा था कि यदि लिपस्टिक और बॉब कट वाली महिलाएं नौकरी करने चली आएंगी तो क्या आपकी औरतों का हक मिलेगा? इस पर भाजपा ने आरजेडी नेता पर पलटवार किया है. अपने बयानों पर घिरे अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सफाई दी है. राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने अपने कथित बयान पर कहा कि ऋष्ठ के अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ की एक रैली थी, उसमें गांव की सैकड़ों महिलाएं आई थीं. हमने उन्हें समझाने के लिए इस भाषा का इस्तेमाल किया था. हमारा मकसद किसी को आहत करने का बिल्कुल नहीं था. अगर कोई हमारी भाषा से आहत हुआ है तो हम खेद व्यक्त करते हैं. राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के कथित बयान पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने यूपी की राजधानी लखनऊ में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि यह उनकी छोटी मानसिकता की पहचान है. चुनाव जीतकर संसद में आने वाली महिलाएं न केवल महिलाओं के अधिकारों बल्कि जनता और हर आम आदमी के अधिकारों को भी आगे रखती हैं. गाड़ी के दो पहियों की तरह ही संसद और विधानसभा में महिलाएं और पुरुष मिलकर कानून बनाने का काम करेंगे. भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने अब्दुल बारी सिद्दीकी के कथित बयान पर कहा कि कांग्रेस पार्टी इसी समाजवादी, इस प्रकार के वक्तव्य देते हैं कि बॉब कट और लिपस्टिक वाली महिलाएं आ जाएंगी, उनके समर्थन को प्राप्त करने के चक्कर में आपने महिलाओं को उनका अधिकार नहीं दिलाया.

न्यूज ट्रैक

रोडरेज में युवक की हत्या के बाद हंगामा तनाव पर काबू पाने की कोशिश जारी

नई दिल्ली। जयपुर में रोडरेज में हुई युवक की हत्या से तनाव बढ़ता जा रहा है. हत्या ने सांप्रदायिक रंग ले लिया है. घटना के बाद लोग सड़कों पर उतर आए हैं. इलाके में आगजनी की खबर सामने आई है. जयपुर के सुभाष चौक पर बड़ी संख्या में लोग हंगामा कर रहे हैं. हालांकि, इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है. पीड़ित परिवारों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो. वहीं, सरकार ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये आर्थिक मदद करने का भरोसा दिया है. साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. घटना जयपुर के सुभाष चौक थाना क्षेत्र की है. शुक्रवार रात बाइक की टक्कर के बाद मारपीट कर रहे एक युवक ने झगड़ा छुड़ाने आए लोगों से गाली-गलौज शुरू कर दी. इसपर लोगों ने युवक की पिटाई कर दी. गंभीर हालत में युवक को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. युवक का नाम इकबाल है. इकबाल की मौत ने शनिवार सुबह सांप्रदायिक रंग ले लिया. युवक की मौत के बाद इलाके में फैले तनाव को लेकर सुभाष चौक पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है.

तेलंगाना दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, 13,500 करोड़ की परियोजनाओं का देंगे तोहफा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल (रविवार, 1 अक्टूबर) को तेलंगाना के दौरे पर जाएंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, पीएम मोदी रविवार को दोपहर करीब 2–15 बजे महबूबनगर पहुंचेंगे, जहां वह 13,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे. इनमें सड़क, रेल, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसी परियोजनाएं शामिल हैं. उसके बाद पीएम मोदी 3 अक्टूबर को निजामाबाद का भी दौरा करेंगे. बता दें कि तेलंगाना में नवंबर माह में विधानसभा चुनाव होने हैं. जिसके लिए अधिसूचना अक्टूबर में जारी हो सकती है. बीजेपी चुनावी राज्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती. जिसके लिए पार्टी पहले से ही तैयारियों में जुट गई है. प्रधानमंत्री मोदी समेत पार्टी के तमाम दिग्गज नेता चुनावी राज्यों के दौरे पर जा रहे हैं.

अपने तेलंगाना दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महबूबनगर और निजामाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही पीएम मोदी दोनों जिलों में सार्वजनिक बैठकों को भी संबोधित करेंगे. तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने शुक्रवार को अधिकारियों को पीएम मोदी की निजामाबाद यात्रा के संबंध में विभागों के साथ निकट समन्वय में फुलप्रूफ व्यवस्था करने का निर्देश दिया. एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पीएम मोदी वर्चुअल माध्यम से 800 मेगावाट की रामागुंडम एनटीपीसी परियोजना का उद्घाटन भी करेंगे.

इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव ने एक उच्च स्तरीय बैठक की. जिसमें पीएम मोदी की यात्रा के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इसके साथ ही मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को ब्लू बुक के मुताबिक, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया. अपने तेलंगाना दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रमुख सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे. जिसमें नागपुर-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारा, 108 किमी लंबा %वारंगल से ह॥-163त्न के खम्मम खंड तक चार लेन एक्सेस-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग% और ह॥-163त्न के खम्मम से विजयवाड़ा खंड तक 90 किमी लंबा %चार-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग भी शामिल है. इन सड़क परियोजनाओं को कुल लागत करीब 6400 करोड़ रुपये है. इस परियोजना के शुरू होने से वारंगल और खम्मम के बीच यात्रा की दूरी लगभग 14 किमी कम हो जाएगी. वहीं खम्मम और विजयवाड़ा के बीच 27 किमी का सफर कम हो जाएगा. इनके अलावा प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र को एक सड़क परियोजना भी समर्पित करेंगे. जिसमें एनएच-365बीबी के 59 किमी लंबे सूर्यापेट से खम्मम खंड की चार लेन राजमार्ग शामिल है. जिसकी कुल लागत 2,460 करोड़ रुपये आएगी. ये परियोजना हैदराबाद-विशाखापत्तनम कॉरिडोर का एक हिस्सा है और इसे भारतमाला परियोजना के तहत विकसित किया गया है. यह परियोजना खम्मम जिले और आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी. इसके साथ ही पीएम मोदी %37 किलोमीटर लंबे जैकलेयर-कृष्णा नई रेलवे लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे. इस प्रोजेक्ट पर करीब 500 करोड़ रुपये का खर्च आया है.

आंध्र प्रदेश सीआईडी ने अमरावती इनर रिंग रोड मामले में नारा लोकेश को नोटिस जारी किया

अमरावती। आंध्र प्रदेश की सीआईडी ने शनिवार को अमरावती इनर रिंग रोड मामले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के महासचिव नारा लोकेश को नोटिस जारी किया है। सीआईडी ने उन्हें 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा है। सीआईडी ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी किया है। टीडीपी नेता पिछले कुछ दिनों से नई दिल्ली में रह रहे हैं, सीआईडी की एक टीम नोटिस देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी गई थी। लोकेश को 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सीआईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है। सीआईडी ने 26 सितंबर को विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट में एक मेमो दाखिल किया था, जिसमें लोकेश को मामले में 14वां आरोपी बताया गया था। टीडीपी महासचिव ने मामले में अग्रिम जमानत के लिए आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का रुख किया था। सुनवाई के दौरान सीआईडी ने अदालत को बताया था कि वह आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत लोकेश को नोटिस जारी करेगी। मामले में गिरफ्तारी की आशंका नहीं है, इसलिए अदालत ने टीडीपी नेता को जांच में सहयोग करने का निर्देश देकर उनकी याचिका का निपटारा कर दिया। लोकेश टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे हैं। चंद्रबाबू नायडू वर्तमान में कौशल विकास घोटाले मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। सीआईडी ने पहले ही नायडू को अमरावती इनर रिंग रोड मामले, एपी फाइबर नेट मामले में आरोपी के रूप में नामित किया है, और विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट में उनके खिलाफ कैदी ट्रांजिट (पीटी) वारंट याचिका दायर की है।

आंध्र प्रदेश सीआईडी ने अमरावती इनर रिंग रोड मामले में नारा लोकेश को नोटिस जारी किया

अमरावती। आंध्र प्रदेश की सीआईडी ने शनिवार को अमरावती इनर रिंग रोड मामले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के महासचिव नारा लोकेश को नोटिस जारी किया है। सीआईडी ने उन्हें 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा है। सीआईडी ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी किया है। टीडीपी नेता पिछले कुछ दिनों से नई दिल्ली में रह रहे हैं, सीआईडी की एक टीम नोटिस देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी गई थी। लोकेश को 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सीआईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है। सीआईडी ने 26 सितंबर को विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट में एक मेमो दाखिल किया था, जिसमें लोकेश को मामले में 14वां आरोपी बताया गया था। टीडीपी महासचिव ने मामले में अग्रिम जमानत के लिए आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का रुख किया था। सुनवाई के दौरान सीआईडी ने अदालत को बताया था कि वह आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत लोकेश को नोटिस जारी करेगी। मामले में गिरफ्तारी की आशंका नहीं है, इसलिए अदालत ने टीडीपी नेता को जांच में सहयोग करने का निर्देश देकर उनकी याचिका का निपटारा कर दिया।

एमपी में राहुल ने खेला ओवीसी कार्ड, सत्ता में आए तो जातीय गनगणना सबसे पहले कराएंगे

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं. राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता प्रचार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं. भाजपा और कांग्रेस के नेता तूफानी प्रचार करने में जुटे हैं. इसी कड़ी में राहुल गांधी कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में शामिल होने के लिए कालापीपल विधानसभा के पोलायकला पहुंचे. इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है. एक तरफ कांग्रेस है. दूसरी तरफ बीजेपी और आरएसएस हैं. एक तरफ गांधी हैं दूसरी ओर गोडसे, एक तरफ मोहब्बत है दूसरी ओर नफरत है. राहुल गांधी ने महिला आरक्षण कानून में ओबीसी को शामिल किए जाने को लेकर बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र की सत्ता में आते ही सबसे पहला काम जाति जनगणना कराएंगे. हालांकि, ये काम कांग्रेस पहले कर चुकी है. सरकार के पास पूरा आंकड़ा है. पर प्रधानमंत्री इसे साझा नहीं करते. राहुल गांधी ने आगे भी कहा कि जब मैं सवाल पूछता हूं कि देश में कितने दलित, ओबीसी, आदिवासी, जनरल वर्ग के लोग हैं तो कई जवाब नहीं मिलता है.

महिला आरक्षण को 2029 में लागू करने को लेकर भी राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा. राहुल ने कहा कि हमने सवाल उठाया कि आप महिला लिए एक सर्वे कराने की जरूरत है. परिसीमन से महिला आरक्षण में 10 साल का वक्त लग जाएगा.

आरक्षण बिल लेकर आ रहे हैं, पर उससे पहले इन दो लाइनों को इससे हटा दें. आरक्षण लागू करने के मैं बीजेपी और पीएम से सवाल पूछता हूं कि महिला आरक्षण में ओबीसी को रिजर्वेशन क्यों नहीं दिया गया. प्रधानमंत्री खुद ओबीसी से आते हैं तो महिला आरक्षण में आपने ओबीसी महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं दिया. राहुल गांधी ने सरकार के कैबिनेट में ओबीसी अधिकारियों की ज्यादा मौजूदगी नहीं होने वाले सवाल भी किए. उन्होंने कहा, भारत सरकार के कैबिनेट सचिव और सचिव स्तर के 90 अधिकारी सरकार चलाते हैं. इनमें से सिर्फ तीन अधिकारी ही ओबीसी वर्ग से आते हैं. ओबीसी का सटीक आंकड़ा नहीं है. क्योंकि जातीय जनगणना नहीं हुई है. करीब 50 फीसदी आबादी ओबीसी है, लेकिन अधिकारी सिर्फ तीन हैं. आप समझ सकते हैं कि ये तीन अधिकारी बजट में क्या विचार रखते होंगे. देश का बजट 45 लाख करोड़ रुपये का है और बजट का केवल 5 फीसदी हिस्सा ही ओबीसी अधिकारियों के नियंत्रण में है. इससे भला क्या होने वाला है. पीएम मोदी ओबीसी वर्ग से कहते हैं कि सरकार में आपकी भागीदारी है. लेकिन आप ओबीसी की सरकार नहीं चलाते हैं. आप बताए कि भारत सरकार के 90 कैबिनेट सचिवों में से कितने ओबीसी सचिव हैं. देश के कानून भी सचिव बनाते हैं. देश का कानून आरएसएस के लोग बनाते हैं.

पोहरी से राठखेड़ा आउट तो प्रहलाद भी नहीं बैठते फिट

2018 में प्रह्लाद का तीसरे नम्बर पर रहना और 2014 में नरेंद्र सिंह तोमर की पोहरी विधनसभा से 20 हजार से हर बन रही है बाधक, टिकिट वितरण में फेशर को मिल सकता है पोहरी से मौका

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मध्यप्रदेश में चुनावी सर्वे में पिछड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी अपने दिग्गज नेताओं सहित सांसद और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतार रही है जिससे धीरे धीरे मजबूत हो रही कांग्रेस का मनोबल टूट रहा है। दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद शेष विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारी कर रहे नेताओं के पसीने छूटने लगे हैं। हाल ही में शिवपुरी विधायक यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा खराब स्वास्थ्य के चलते चुनाव न लड़ने की खबर ने सबको चोंका दिया है। अब खबर आ रही है कि उनके समर्थक पोहरी से पूर्व विधायक प्रहलाद भारती को भी पोहरी से टिकिट मिलना मुश्किल होता जा रहा है। जबकि वर्तमान विधायक और राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ के सर्वे में पिछड़ने के बाद प्रहलाद भारती का टिकिट फायनल माना जा रहा था। परंतु जो नई खबर निकल कर सामने आ रही है उसके अनुसार पूर्व में बड़े अंतर से हारे हुए लोगों को टिकिट नही दिया जाएगा। ऐसे में प्रहलाद भारती 2018 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश राठखेड़ा से बुरी तरह हारे थे और तीसरे नम्बर पर थे। जबकि बसपा के कैलाश कुशवाह दूसरे नम्बर पर रहे थे।

पोहरी विधानसभा 2018 सीट प्रत्याशी

और परिणाम की सूची-सुरेश धाकड़ राठखेड़ा कांग्रेस 60654. –
कैलाश बसपा 52736. –
प्रहलाद भाजपा 37268. –
राकेश राजक निर्दलीय 2271. –
अजमेर सिंह कोटिया जेएपी 1404. –
राजेंद्र निर्दलीय 1346. –
मनोज निर्दलीय 876. –
हनुमान सिंह आज़ाद भारत पार्टी (डेमोक्रेटिक) 773. –

लगभग 23 हजार मतों से विजयी प्रत्याशी से पीछे रहने के आंकड़े देखने पर पार्टी दोबारा ये गलती दोहराना नही चाहती है।

वहीं भाजपा के राष्ट्रीय नेता एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर 2014 के ग्वालियर लोक सभा चुनाव में 20 हजार से अधिक मतों की हार पोहरी विधानसभा क्षेत्र से ही मिली थी। जो दो बड़े बताओ कि आपसी लड़ाई का नतीजा थी। जिसमे तत्कालीन पोहरी विधानसभा की कितनी भूमिका थी ये तो चुनाव हारने वाले नरेंद्र सिंह को ही पता। होगी। लेकिन लगातार भाजपा की हार के लिए पोहरी में जिम्मेदार किसे ठहराया जाए ये सब पार्टी के सामने है।

वहीं इस बार सूत्रों की माने तो पार्टी पोहरी से चोंकाने वाले नाम पर सहमति जता सकती है।यशोधरा के हटने से जिले से एक महिला उम्मीदवार की दाबेदारी भी मजबूत हो गयी है।क्योंकि अभी कुछ दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पास कराया है। जिसके चलते पोहरी से भाजपा नेत्री सलोनी धाकड़ को महिला कोटे से टिकिट की संभावना अधिक बड़ गयी है जो आने वाले समय मे सबके सामने होगा। फिलहाल भाजपा की तरफ से समाजसेविका डॉ सलोनी धाकड़ एक मजबूत दावेदारी पेश कर रही है। और धाकड़ समाज से होने के चलते उनकी दाबेदारी सफल होती भी दिख रही है।

आज कोलारस में पहुंचेगी जनाक्रोश यात्रा

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र जैन गोटू के द्वारा की जाएगी आगवानी

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। मध्यप्रदेश सरकार की नाकामी, भय, भूख और भ्रष्टचार को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा 1 अक्टूबर को शिवपुरी जिले की कोलारस विधानसभा पहुंचेगी। यहां इस जनाक्रोश यात्रा की आगवानी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र जैन गोटू के द्वारा की जाएगी। इसे लेकर वृहद स्तर पर तैयारियां की गई है। जनाक्रोश यात्रा में अधिक से अधिक क्षेत्रवासी भी शामिल हो इसे लेकर सतत संपर्क अभियान कोलारस क्षेत्र में किया गया है। यहां कोलारस में 1 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे कोलारस बस स्टैंड पर कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा आयोजित की गई है। इस जनाक्रोश यात्रा को सफल बनाने के लिए युवा तरूणाई आयुष जैन गोलू भैया के द्वारा अपने

साथियों के साथ कोलारस में घर-घर, गांव-गांव में जाकर जनसंपर्क कर आशीर्वाद लिया जा रहा है एवं सभी से जनाक्रोश यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया जा रहा है ताकि आने वाले समय में मप्र में जनता कांग्रेस की सरकार चुनने के लिए अपना अमूल्य मत प्रदान करें। इस दौरान भाजपा सरकार की विफलताओं और जनाक्रोश यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी भी ग्राम-वासियों व क्षेत्रवासियों को दी जा रही है।

ट्रक में भरकर ले जा रहे हैं मवेशियों को थाना प्रभारी कुसुम गोयल ने कराया मुक्त

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-थाना सुभाषपुरा द्वारा शनिदेव मदिंर के सामने डांडा पर 06 चक्का ट्रक क्रमाक ॥क्र38 ङ्क 8295 के अज्ञात चालक द्वारा 14 बेल , 03 गाय ,03 बछडा गौवंशो को ठूस-ठूस क्ररूता पूर्वक भरकर ले जा रहा था उक्त ट्रक को मय गौवंशो के जप्त कर बडी कार्यवाही की गई। दिनांक 30.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी रघुवंश सिह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री सुजीत भदौरिया द्वारा क्ररूता पूर्वक पशुओ को लाने ले जाने की धरपकड की जाने वाली कार्यवाही के निर्देश दिये थे निर्देशो के पालन में उनि कुसुम गोयल थाना प्रभारी सुभाषपुरा द्वारा लगातार मुखबिर से सपर्क रखते हुये घटना स्थल शनिदेव मंदिर के सामने डांडा थाना सुभाषपुरा से एक 06 चक्का ट्रक क्रमाक 38-8295 के अज्ञात चालक द्वारा क्ररूता पूर्वक 14 बेल, 03 गाय, 03 बछडो गौवंशो को ठूस ङ्कठूस कर क्ररूता पूर्वक भरकर ले जा रहा था। उक्त ट्रक को फोर्स की मदद से पकडा गया उक्त ट्रक का चालक मौके से भाग गया बाद थाना हाजा पर अप.क्र.154/23धारा म.प्र.गौ-वंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 6/6/9, पशुओ के प्रति क्ररूता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(घ), मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 66/192(1) का कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे निम्माकिंत फोर्स की अहम भूमिका रही । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम

गोयल, प्रआर 99 महेशदत्त शर्मा, प्रआर 197 अभय सिंह ,आर 274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर 740 रविन्द्र शर्मा की अहम भूमिका रही ।

धर्मपरिवार का श्री गणेशोत्सव पुरस्कार वितरण स्वागत भवन मे आज

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। हिन्दू उत्सव समिति ''धर्म परिवार'' के तत्वाधान में मनाये गये श्री गणेशोत्सव 2023 मे शामिल सभी समितियों को 01 अक्टूबर को सायं 04 बजे से 06 बजे तक स्वागत भवन सभागार में काव्य गोष्ठी के साथ पुरस्कार वितरण किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ0 सी.बी. शुक्ला रहेगें। अध्यक्षता रेडक्रास चेयरमैन डॉ0 प्रभाकर चतुर्वेदी करेगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति धाम संचालिका बी.के. निर्मला, उमा परौहा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 के.के. पैरौहा, वरिष्ठ हास्य व्यंग्यकार घनश्याम बेलानी कटनी अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगें। सभी श्री गणेश समितियों के पदाधिकारियों से समय पर पधारने का आग्रह किया है। यह जानकारी धर्मपरिवार के वरिष्ठ महासचिव सुरेश विश्नोई एवं युवा अध्यक्ष सुमित मॉजवानी ने संयुक्त रूप से दी है।

जनसंपर्क मंत्री आज करेंगे राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। जनसंपर्क एवं पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एक अक्टूबर को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। समारोह स्पोटर्स काम्पलेक्स में शाम 4 बजे आरंभ होगा। प्रतियोगिता का आयोजन खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत किया जा रहा है। जनसंपर्क मंत्री स्पोर्टस काम्पलेक्स में 100 फिट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण करेंगे। समारोह की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह भी उपस्थित रहेंगे। संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने सभी आमंत्रितों से कार्यक्रम उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

श्री ब्रजकिशोर पांडे पटवारी हल्का नं 13 नाकवेल सर्किल चुरहट जिला सीधी हाल पटवारी तहसील कार्यालय रामपुर नैकिन जिला सीधी को 04 वर्ष का सश्रम कारावास व 8,000 रुपए के अर्थदंड की सजा

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। लोकायुक्त रीवा में पंजीबद्ध भ्रष्टाचार के प्रकरण में माननीय विशेष न्यायालय सीधी द्वारा दिनांक 30.09.2023 को पारित निर्णय में आरोपी श्री ब्रजकिशोर पांडे पटवारी हल्का नंबर 13 नकवेल सर्किल चुरहट जिला सीधी हाल तहसील कार्यालय रामपुर नैकिन जिला सीधी को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3,000 के अर्थदंड तथा धारा 13(1) डी एवं 13(2) पीसी एक्ट 1988. में 4 वर्ष सश्रम कारावास 5,000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है। श्री ब्रजकिशोर पांडे पटवारी द्वारा शिकायतकर्ता श्री उमेश कुमार पटेल से भूमि बटवारा हेतु फाट पुल्री बनाने के एवज में 5000 रिश्वत की मांग की गई थी, जिसे दिनांक 13.06.2017 को रंगे हाथ पकड़ा गया, जिस पर अपराध क्रमांक 101/2017 पंजीबद्ध कर माननीय विशेष न्यायालय सीधी में दिनांक 13.12.2019 को चालान प्रस्तुत किया गया था माननीय विशेष न्यायालय सीधी द्वारा विचारण उपरांत दिनांक 30.09.2023 को निर्णय पारित किया गया है।

आज होगा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का प्रांतीय सम्मेलन,

जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। आज भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का प्रांतीय सम्मेलन रीवा में रविवार 01/10/23 को सुबह 11ः00 बजे से सनसिटी पैलेस सामान रीवा में होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राजेंद्र शुक्ला जनसंपर्क एवं। पी, एच,ई मंत्री शासन मध्य प्रदेश विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर मुनेश्वर प्रसाद मिश्रा एवं राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय जी होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा जी करेंगे कार्यक्रम में सभी पत्रकार बंधुओ ब्यूरो एवं संपादकों से सम्मेलन कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

पुलिस विभाग से अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे कार्य. सहायक उप निरीक्षक हुकम लाल मिश्रा को नगर पुलिस अधीक्षक रीवा एवं पुलिस विभाग द्वारा दी गई विदाई

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। शनिवार को पुलिस विभाग से अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिव्रत होने वाले कार्य सहायक उप निरीक्षक श्री हुकम लाल मिश्रा का विदाई समारोह पुलिस कंट्रोल रूम रीवा में आयोजित किया गया जहां पर नगर पुलिस अधीक्षक रीवा शिवाली चतुर्वेदी द्वारा उनके द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की गई

एवं आने वाले समय में विभाग से जुड़े रहने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय रीवा एवं संबंधित स्थान के अधिकारी कर्मचारीगण एवं परिजन उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ परिवर्तन के लिए तैयार: मोदी

छत्तीसगढ़ ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी
पुष्पांजलि टूडे

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के आवासहीन गरीबों को गारंटी दी कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में आवास से वंचित गरीब परिवारों को जल्द से जल्द पक्का मकान देने का निर्णय होगा। छत्तीसगढ़ के युवाओं को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पीएससी घोटाले के दोषियों पर कढ़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के धान का एक एक दाना केंद्र सरकार खरीदती है। यह बात पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं। किसानों को गारंटी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा किसानों के प्रति समर्पित है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बहनों माताओं बेटियों को दी गारंटी मोदी ने पूरी कर दी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ परिवर्तन के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वकर्मा योजना में आपको बैंक में गारंटी नहीं मांगी जाएगी। मोदी ने पहले ही गारंटी दे दी है। परिवर्तन यात्राओं के संगम अवसर पर बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में करीब दो लाख की भीड़ को मंत्र मुक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवर्तन संकल्प महारैली को संबोधित कर छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन का शंखनाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ रथ पर सवार होकर जनता के बीच से गुजरते हुए मंच तक का सफर तय किया। पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सहित समस्त वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री का आत्मीय

स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ी बोली में महिलाओं का अभिनंदन करते हुए जय जोहार की। उन्होंने बदल के रहिबो, अऊ नहीं सहिबो का नारा बुलंद करते हुए अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बिलासपुर बहुत बार आया। संगठन का काम करता था, तब भी कई बार आया। गुजरात में मुख्यमंत्री था तब भी हर मौके पर मुझे डॉ. रमन सिंह आपसे मिलने बुलाते थे।लेकिन ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा। भूतो न भविष्यति। मैंने ऐसा उत्साह, ऐसी एनर्जी पहले नहीं देखी। युवा शक्ति और मातृशक्ति का ऐसा उत्साह पहले कभी नहीं देखा। पुराने लोगों के दर्शन कर पाया। इसके साथ- साथ नई एनर्जी का अनुभव किया। नए उत्साह का अनुभव किया। आज मैं कल्पना कर सकता हूं कि परिवर्तन यात्रा ने कैसा कमाल कर दिखाया है।

हर योजना में भ्रष्टाचार हावी-प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आकंठ भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त है। रोजगार के नाम पर सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं। हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है। इसलिए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को हटाने और भाजपा की सरकार लाने के लिए आप लोग पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ की आकांक्षाओं को समझते हुए इस प्रदेश का निर्माण किया। यह भाजपा है जिसने छत्तीसगढ़ के लोगों के सामर्थ्य को सम्मान दिया। छत्तीसगढ़ का हाई कोर्ट बिलासपुर में है। यह काम भाजपा ने किया है। रेलवे का जोन मुख्यालय है। राजस्व की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े रेलवे जोन में एक है। इसकी स्थापना भी अटल जी की सरकार के दौरान हुई। यानी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा केंद्र में हो या राज्य में, पूरी तरह समर्पित रही है।

सपने पूरे करने की गारंटी-प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मैं आपको एक गारंटी देने के लिए आया हूं। यहां के हर सपने को पूरा करने में मोदी कोई कसर बाकी नहीं रखेगा। आप लिख लीजिए। यह मोदी की गारंटी है।

एनएसयूआई छात्रों ने की पत्रकार वार्ता

छात्रों ने जनता से कांग्रेस को वोट देने की अपील की साथ साथ ये भी कहा की वर्तमान सरकार कर रही ढोंग

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)

रीवा। एनएसयूआई ने की प्रेस वार्ता, प्रेस वार्ता के दौरान एनएसयूआई के छात्रो ने बीजेपी का विरोध करते हुए जनता से कांग्रेस को वोट देने की अपील की है। हस्ट्ठ अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे जी के निर्देश पर फस्ट वोट फॉर कांग्रेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें एनएसयूआई के छात्र पूरे रीवा जिले के कॉलेज में जाकर वहां पर जिन छात्रों का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ गया होगा उन्हें बताएंगे कि आपका पहला वोट कांग्रेस के लिए और आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। आपका जो भविष्य है वह कांग्रेस पार्टी व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी बना सकते हैं उन्होंने कहा कि जिस तरह छात्रों को छला जाता है एक बार उनकी वैकेंसी के नाम से फीस भर ली जाती है फिर वैकेंसी निरस्त कर दी जाती है, जबकि कमलनाथ जी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो अगर आपने किसी वैकेंसी में फीस जमा की है और अगर वह किसी कारणवश निरस्त हो जाती है तो जब आप दूसरा वैकेंसी का फॉर्म भरेंगे

उसकी फीस आपसे दोबारा नहीं ली जाएगी।एनएसयूआई के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जिले में जितने कॉलेज हैं वह कांग्रेस ने दिए हैं छात्रों को बताएंगे कि वह बीजेपी के छात्रों को लुभाने का कार्य कर रहे हैं। कहानी पूरी योजना लेंगे कहीं बैंक में घोषणा करते हैं कि हम उद्यम क्रांति के माध्यम से 10 लाख रुपए का लोन देंगे आप अपना रोजगार शुरू बहकावे में ना आए जो आए दिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है मुख्यमंत्री जी को समझ में आ रहा है कि हमारे दिन बुरे हो गए हैं पाप का घड़ा भर चुका है इसीलिए वह करें परंतु जब कोई युवा बैंक जाता है तो उससे इतने दस्तावेज मांगे जाते हैं कि वह दोबारा बैंक ही नहीं जाता। अगर युवा के पास कोई प्रॉपर्टी ही होती तो वह लोन लेने क्यों जाएगा अगर उसके पास दुकान हो तो वह कर्ज क्यों लेगा। आपका भविष्य सिर्फ कमलनाथ जी ही सुधार सकते हैं- **एनएसयूआई अध्यक्ष।**

मध्यप्रदेश के पांच हजार से अधिक ग्रामों में जल प्रदाय योजना की मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दी स्वीकृति

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हर घर को नल से जल देने की महती योजना की समीक्षा विगत दिवस प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में जल भवन भोपाल में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख सचिव जल संसाधन, प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, प्रमुख अभियंता सलाहकार परियोजना निदेशक म.प्र जल निगम एवं समस्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री सहित परियोजना प्रबंधन इकाई के प्रतिनिधि, मुख्य महाप्रबंधक म.प्र. जल निगम एवं समस्त जल निगम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मध्यप्रदेश के करीब 5 हजार से अधिक एकल योजनाओं की स्वीकृति मंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा प्रदान की गई। मध्यप्रदेश के 26261 ग्रामों एवं रीवा जिले की 811 ग्रामों को इसका लाभ मिलेगा. तदाशय की जानकारी सम्पूर्ण जल योजनाओं के प्रभारी श्री राजेश पाण्डेय द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में कुल 51417 राजस्व ग्राम है तथा 490 वन ग्राम है जिसमें 26261 ग्रामों के लिए 26409 एकल योजनायें शासन द्वारा मंजूर की गई थी तथा 24272 ग्रामों के लिए

148 समूह नलजल योजनायें भारत सरकार के जल जीवन मिशन के तहत मंजूर की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री द्वारा गत दिनों जल भवन भोपाल में योजनावार समीक्षा की गई। इस दौरान विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश में कुल 5,58,315 हैण्ड पम्प से नागरिकों को पानी मिल रहा है इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम में एक योजना एवं समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से म.प्र. में प्रधानमंत्री जी द्वारा गरीब 70 हजार करो? रुपये जल जीवन निगम एवं एकल योजनाओं के माध्यम से हर घर को नल से जल देने का महाअभियान चलाया जा रहा है जिसको 2025 तक अनिवार्यत: पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री द्वारा म.प्र. के साथ रीवा-जिले के 811 गांवों के पुनरीक्षित योजना जो काफी समय से लंबित थी उसकी मंजूरी प्रदान की गई इससे म.प्र. के साथ जिले के हर गांवों को एकल योजना एवं समूह प्रदाय योजना के तहत राशि मंजूर कर दी गई है। रीवा जिले में जल योजना से 109 गांवों को मीठा पानी मिलना शुरू हो गया है जिसको दो माह के अन्दर शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। रीवा बाणसागर से 1607 गांव, टमस योजना से अंतरैला तरफ 676 गांव, सतना बाणसागर-2 से रीवा एवं सिरमौर विकासखण्ड के 210 गांवों को आने वाले समय में शुद्ध एवं मीठा पेयजल हर घर को नल से जल मिलेगा। रीवा जिले में अभी हैण्ड पम्प एवं बोर का टीडीएस 700 से लेकर 850 है जो गर्मी में 1000 से उपर हो जाता है। कदैला समूह योजना से अभी 125 से लेकर 130 टीडीएस का पानी रीवा जिले के 109 गांवों में मिलना प्रारम्भ हो गया है आने वाले समय में संपूर्ण रीवा जिले के हर घर को मीठा पानी मिलने लगेगा।

आदिवासी दलित क्रांति सेना पुलिस अधीक्षक पन्ना को अनिल तिवारी के खिलाफ दिया आवेदन

तीन दिवस में नहीं हुआ निराकरण तो होगा उग्र आंदोलनः सुरेंद्र सिंह ठाकुर

गौरीशंकर कुशवाहा
पुष्पांजली टुडे की खबर

पन्ना- जानकारी हो विगत दिनांक को पीएचएन चैनल में श्री राघवेंद्र सिंह मुन्ना राजा तमगड़ का इंटरव्यू किया गया था फेसबुक इंटरव्यू में आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) संगठन संयोजक श्री के पी सिह बुंदेला द्वारा कमेंट बॉक्स में लिखा गया कि पवई की जनता सिधी- साधी है जनता को तो अपने काम से मतलब जनता को बरला फुसला कर क्षेत्र में कांग्रेस की विपरीत काम किया जा रहा है। श्री ठाकुर का कहना है कि जिले में जितने भी कार्यक्रम वन अधिकार कानून को लेकर आंदोलन किए जाते हैं आदिवासियों की खून पसीना की कमाई से जन सहयोग लेकर आंदोलन होते हैं सत्ता की कमियों को उजागर किया जाता है। संगठन जिला अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर मीडिया से बताया कि क्षेत्रीय संघर्ष समिति पवई के मुखिया अनिल तिवारी को इन बातों से नाराज होकर कमेंट में लिखा गया कि केपी सिंह बुंदेला दलाल दारू खोर अशब्दों से नवाजा गया एवं

संगठन को बदनाम करने का प्रयास किया गया।

श्री ठाकुर ने आगे कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदय को तीन दिवस का अवसर दिया जाता है अगर अनिल तिवारी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक को विज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से संगठन जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर, संगठन प्रवक्ता प्रमोद कुमार बेन, हाकम सिंह आदिवासी, चंद्रभान आदिवासी, मीडिया प्रभारी रामप्रताप बर्मन, ओंकार सिंह, घनश्याम सिंह ठाकुर एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक पन्ना कार्यालय में ज्ञापन दिया।

धर्मेन्द्र पटेरिया हुऐ प्राचार्य पद से सेवानिवृत

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर (शिवपुरी)पिछोर शासकीय कन्या

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार पटेरिया हुऐ सेवा निवृत्त। उनकी सेवा निवृत्ति पर विकासखंडशिक्षा अधिकारी कार्यालय कन्या संकुल केंद्र सहित कई अन्य संस्थानों पर बुलाकर उन्हें शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। पटेरिया जी पूर्व में बीआरसीसी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी पिछोर में उन्हें स्टॉफ द्वारा विदाई समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे पिछोर के शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक जैसे कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कई वर्षो तक कार्य कर चुके है। उनके कार्य एवं व्यवहार को देखते हुए उनका जगह-जगह सम्मान एवं स्वागत किया गया। बही कन्या संकुल केंद्र आदि काफी संख्या में उपस्थित थे जिसमे पूर्व प्राचार्य राजकुमार पाठक, के. एन.पाठक, ब्रजमोहन पाठक, मोहन स्वरूप पंसारी,ब्रजेश नीखरा,जयराम शर्मा,सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता,बीआरसीसी खनियाधाना संजय भदोरिया द्वारा उद्बोधन दिया गया।इस अवसर पर बीआरसीसी पिछोर सुरेश गुप्ता, पहलाद गन्धर्व,यामिनी कोली, देवेन्द्र शर्मा, रविन्द्र पटेरिया, शिवकुमार पाठक, विनोद पाठक, प्रदीप पाठक, राकेश भार्गव,आनंद लिटोरिया,ब्रजेश पाठक,रमेश कारपेंटर, प्रभारी प्राचार्य देवेन्द्र पाठक, कृष्ण कुमार शर्मा सीएसी, अनिल निगोती,विजय राम लोधी सहित संकुल केंद्र का समस्त स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। उक्त अवसर पर अपने विदाई समारोह में बोलते हुए प्राचार्य श्री धर्मेंद्र पटेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मेरे विदाई समारोह के आप शिक्षा दीक्षा देने वाले समस्त गुरुजन यहा उपस्थित है सदैव ईश्वर की कृपा नजदीक होने के कारण मेरा संपूर्ण जीवन शिक्षा क्षेत्र के लिए समर्पित रहा ईश्वर से मेरी यही कामना है कि भविष्य में मैं इसी प्रकार अध्यात्म एवं समाज की सेवा में लगा रहू । कार्यक्रम का संचालन रामकिशोर शर्मा एवं आभार रविंद्र पटेरिया द्वारा किया गया।

पीओसी मशीन छीनकर महिलाएं पहुंची कलेक्ट्रेट

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो मऊगंज)

मऊगंज। मऊगंज जिले में कोटेदार के द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद भी 3 महीने से खाद्यान्न ना देने पर नाराज महिलाओं ने कोटेदार की पीओसी मशीन और रजिस्टर छीन कर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गई. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को दिये जा रहे खाद्यान्न की कालाबाजारी इनदिनों नवगठित मऊगंज जिले में खूब चर्चित है. क्योंकि गरीबों के हक पर कोटेदारों की नजर लगी हुई है और शिकायत के बाद जांच अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति कर रहे हैं. उनकी जांच देखकर ऐसा लगता है जैसे उनके सह पर ही खाद्यान्न की कालाबाजारी का खेल मऊगंज जिले में खेला जा रहा है। यह पूरा मामला नवगठित मऊगंज जिले के डिघबार 393 के मलैयगवा गांव से सामने आया है जहां के कोटेदार अजय पटेल के द्वारा ग्रामीणों से अंगूठा लगवाने के बावजूद भी 3 महीने से खाद्यान्न नहीं दिया गया. कई बार महिलाएं उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न लेने के लिए चक्कर लगाती रही लेकिन जब खाद्यान्न नहीं मिला तो इस बात से नाराज महिलाओं ने कोटेदार अजय पटेल की पीओसी मशीन छीन कर महिलाएं कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से मिलने मऊगंज कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गई। पीओसी मशीन में कैद रहता है डाटा कोटेदार के पास उपलब्ध मशीन में ही उचित मूल्य की दुकान से संबंधित संपूर्ण डाटा कैद रहता है. जिसमें कोटे में कितना स्टॉक बचा हुआ है और किन्हे खाद्यान्न दिया जाना है सारी जानकारियां इसी मशीन में उपलब्ध रहती हैं. महिलाओं ने कोटेदार अजय पटेल के पास से मशीन और रजिस्टर छीनकर मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के कार्यालय पहुंच गई. इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे सभी ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से मदद की गुहार लगाई है। मऊगंज जिला बनने से पहले रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एक दर्जन के लगभग कोटेदारों पर स्वद्दक्रदर्ज करवाया गया था. इस कार्यवाही के बाद कई कोटेदार तो जेल की सलाखों के पीछे चले गए लेकिन कई फरार चल रहे थे. कलेक्टर की इस कार्यवाही के बाद से जिले की खाद्यान्न वितरण प्रणाली में काफी हद तक सुधार हुआ था पर मऊगंज जिला बनने के बाद कोटेदारों की मनमानी गरीबों पर भारी पड़ रही है. हनुमना तहसील के पटेहरा उचित मूल्य की दुकान पर पूर्व व वर्तमान सेल्समैन पर दर्ज हुआ था स्वद्दक मऊगंज तहसील के शिवपुरा नेबुहा उचित मूल्य की दुकान के सेल्समैन पर हुई थी कार्रवाई. हनुमना तहसील के हर्दिहाई उचित मूल्य दुकान संचालक के खिलाफ दर्ज हुआ था मामला।

07 वर्षो से फरार 02 स्थाई वारंटी थाना उमरी पुलिस की गिरफ्त में

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

उमरी। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक तथा पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय पूनम थापा जी के मार्गदर्शन में फरारी--स्थाई वारंटीयो की धरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाकर कार्यवाहियां की जा रही है इसी कड़ी में आज थाना उमरी पुलिस द्वारा प्रकरण क्रमांक 110/17 धारा 279,337,338,304( ) में विगत 06 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी रामबाबू पुत्र जनक सिंह भदोरिया निवासी सराय का पुरा थाना फूफ जिला भिंड को आरोपी के घर से प्रकरण क्रमांक 1927/16 धारा 279,337 भादवि में विगत 07 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी प्रमोद मिश्रा पुत्र गोपाल मिश्रा निवासी राधा कॉलोनी भिंड थाना देहात को गोहद चौराहा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया ।दोनो आरोपी विगत कई वर्षों से फरार थे जिनकी लगातार पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी ।आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा, प्रधान आर विनोद सिंह, आशीष तिवारी, आरक्षक विमल भदौरिया,धर्मपाल परिहार,थाना उमरी, रामकुमार तोमर थाना गोहद चौराहा की मुख्य भूमिका रही ।

सीरवी समाज द्वारा अंनत चतुर्दशी एवं प्रतिभावन सम्मान समारोह आयोजित

पुष्पाजंली टुडे

मुम्बई। सीरवी (चौधरी) समाज विकास मंडल, महिला मंडल एवम् नवयुवक मंडल, कलंबोली,पनवेल नवी मुंबई के तत्वाधान में दिनांक 28.09.2023 को अनंत चतुर्दशी का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । साथ ही समाज की 30 प्रतिभाओं को समाज द्वारा सत्र 2023 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। जिन्होंने कक्षा 10 वी व 12 वी 75त्न से अधिक अंक प्राप्त किए। और जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर फाइनल डिग्री हासिल कर दी ऐसी प्रतिभाओं को 1 फोल्डर, बालपेन सेट,और प्रशस्ति पत्र देकर संस्था के उपाध्यक्ष महोदय और भामाशाह पोकरराम हुक्माराम देवड़ा दुदोड़ द्वारा सम्मानित किया गया। जिन 3 प्रतिभाओं ने सबसे ज्यादा अंक हासिल किए उनको संस्था के प्रधान सेवक धन्नाराम एच गेहलोत बाली द्वारा 1100 रूपये संस्था के महामंत्री श्री किशोर भाई पवार बाड़सा द्वारा 1100 रूपये और संस्था के पूर्व सचिव कालूराम गेहलोत ईसाली द्वारा 1100 रूपये दिए गए। व नवयुवक मंडल द्वारा सुबह 9 बजे से शाम को 5 बजे तक विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया था जिसमे बच्चों से लगाकर युवाओं,महिलाओं और पुरूषों ने भी

भाग लिया सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गई और राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक चुन्नीलाल एंड पार्टी ईसाली द्वारा शाम को 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक अपनी वाणी से शानदार भजनों से सबका मन मोह लिया। संस्था के प्रधान सेवक धन्नाराम एच गेहलोत बाली (पनवेल) द्वारा अपने उद्बोधन में समाज में शिक्षा,संस्कार व संगठन पर जोर देते हुए समाज बंधुओ से आग्रह किया की समाज में जहा भी शिक्षण संस्थाये कार्य कर रही है चाहे उदयपुर हॉस्टल हो, दिल्ली हॉस्टल, पाली हॉस्टल ,जयपुर हॉस्टल या रानी,जवाली स्कूल हो आपसे जो भी बनता है इन शैक्षणिक सस्थाओ को तन मन और धन से आप सहयोग करें। शिक्षा के बिना सब काम अधूरा हैं। समाज में ज्यादा से ज्यादा बच्चें पढ़ लीखकर प्रशासनिक सेवा में आए इसलिए हम सभी मिलजुलकर प्रयास करें। शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं इसके ऊपर भी प्रकाश डाला और हमारा समाज हमेशा संगठित रहें इसी में हम सब की भलाई है। इस शुभ अवसर पर सस्था के उपाध्यक्ष पोकरराम देवड़ा, रामलाल बरफा, सचिव बाबूलाल भायल , प्रतापराम राठौड़, कोषाध्यक्ष मानाराम काग,खेताराम देवड़ा महामंत्री किशोर भाई पवार, टीकमराम पवार, वनजी बा युवा अध्यक्ष भरत देवड़ा, महिला मंडल सचिव श्रीमती मीरा बेन एवम समस्त कार्यकारणी सदस्यों व समाज बंधुओ के सहयोग से ये कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंच संचालन रामलाल बरपा द्वारा किया गया। सभी समाज बंधुओ के लिए भोजन प्रसाद दाल, बाटी चूरमा की व्यवस्था की गई थी सभी ने बड़े ही प्रेम भाव से प्रसाद ग्रहण किया और इसी के साथ प्रधान सेवक धन्नाराम गेहलोत द्वारा सभी समाज बंधुओ का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोसणा की गई ।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम हुआ आयोजित

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान

पाली राजस्थान। साकद्रडा ग्राम पंचायत के सहयोगी गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत के सहयोगी गांव में आईडीबीआई बैंक एवम ग्राम पंचायत साकदडा के तत्वाधान में कलश यात्रा कार्यक्रम रखा गया।यह रहे मौजूद सौरभ सोनी आईडीबीआई बैंक मैनेजर ।विनोद कुमार। रमेश कुमार बैंक सहयोगी ।गोविंद महाराज । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दशरथ कंवर । आंगनवाड़ी कार्मिक रुक्मणी वैष्णव । ग्राम पंचायत सहयोगी कार्मिक भगवान दास श्रवण कुमार। उमेद कुमार। रमेशकुमार ।सरपंच धीरज देवी देवासी मौजूद थे।

80 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं का होगा सम्मान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस आज

भिण्ड । अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अक्टूबर पर जिले के ऐसे मतदाता जिनकी आयु 80 वर्ष या उससे अधिक है उनको अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर सम्मानित किये जाने हेतु कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से पंचायत भवन अथवा शाला भवन में आयोजित किया जावेगा।जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भिण्ड जिले के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समिति में बी.एल.ओ ग्राम पटवारी, स्थानीय शिक्षक पंचायत सचिव आँगनवाडी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, रोजगार सहायक रहेगें।जिला निर्वाचन अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने बताया कि भिण्ड जिले में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बूथ लेवल ऑफिसर अपने अपने क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर ही सम्मानित करेंगे। 80 से 100 साल के बीच भिण्ड जिले में 18049 मतदाता हैं जबकि 91 मतदाता शतायु हैं। इसके साथ ही जिले में 10 हजार 662 दिव्यांग मतदाता है।जिला स्तरीय कार्यक्रम दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया जावेगा। इसके साथ ही सभी पंचायत भवन एवं शाला भवन में और शहरी क्षेत्र में वार्डवार आयोजित किया जाएगा। सम्मान समारोह के बाद स्वीप की गतिविधियों जैसे निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित मतदाता सूची का वाचन, गीत-गायन, नाटक, वाद-विवाद, स्लोगन, पोस्टर निर्माण तथा निबंध लेखन प्रतियागिता का आयोजन किया जाएगा।

मोनिका कंवर भाटी अंग्रेजी माध्यम लेवल 2 में अंतिम चयन होने पर समाज में हर्ष कि लहर

सुमेरपुर के पास कानापुर स्कूल में देगी अपनी सेवाएंअपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया अपनी सफलता का श्रेय

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान।

जवाली देसुरी। मोनिका कंवर पुत्री मोहनसिंह भाटी निवासी खिमाडा हाल पाली का अंग्रेजी माध्यम लेवल 2 में अंतिम चयन होने पर समाज में हर्ष कि लहर व्याप्त है। मोनिका के पिताश्री भाटी ने बताया कि लेवल 2 अंग्रेजी माध्यम मेरिट में स्थान प्राप्त हुआ था पाली जिला आवंटित होने के बाद कांउसील में समेरपुर (कानपुरा) ऐलोट होने पर गुरुवार शाम भाजपा वरिष्ठ नेता पुर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष देसूरी एवं इन्डियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट उपखंड

अध्यक्ष देसूरी जगदीशसिंह सिसोदिया गहलोत श्रीमती केशर कंवर चौहान लोकेशसिंह गहलोत ने मोनिका कंवर को माल्यार्पण कर बहुमान किया। मोनिका कंवर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरु जनों को दिया। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओ को अच्छी शिक्षा देना है ही हमारा लक्ष्य है।

इन्होंने दी उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं-मनोहर सिंह जितेन्द्रसिंह महेंद्रसिंह राजेन्द्रसिंह सुरेन्द्रसिंह विक्रमसिंह गहलोत खुशबू भवानीसिंह पंवार देवगढ खुशबू कुलदीपसिंह गहलोत घीसुसिंह चौहान पाली भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंजय जैन समाजसेवी हंसमुख बाफना दलपतसिंह सांखला जयपुर पुलिस निरीक्षक हनुवंतसिंह सिसोदिया पुर्व जिला परिषद सदस्य केशरसिंह परिहार सहित परिवार व ईष्ट मित्रों समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई व उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी।

संपादकीय

कनाडा को खरी-खरी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में शामिल होने गये विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस दौरे में जहां राजनय की गरिमा को बनाये रखा, वहीं मौका मिलने पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से कनाडा की भारत विरोधी नीति को बेनकाब करने का सार्थक प्रयास किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में कनाडा का नाम न लेकर निज्जर प्रकरण से उपजे विवाद में परोक्ष रूप से अपनी बात कही। लेकिन न्यूयार्क में भारत में अमेरिकी राजदूत रहे केनेथ जस्टर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में एस.जयशंकर ने वैश्विक जगत को कनाडा के आरोपों के बाबत बताया कि ऐसा काम करना हमारी सरकार की नीति नहीं है। साथ ही साफ कह दिया कि कनाडा अलगाववादियों के लिये उर्वरा भूमि बना हुआ है। उन्होंने बताया कि हमने कनाडा से स्पष्ट कहा कि अगर आपके पास अपने आरोपों से जुड़ी कोई खास जानकारी है तो हमें उपलब्ध कराएं। इस अवसर का उपयोग करते हुए जयशंकर ने जस्टिन ट्रूडो के मंसूबों को बेनकाब करते हुए कहा कि कनाडा में पृथकतावादी तत्वों से जुड़े संगठित अपराधों के तमाम मामले प्रकाश में आए हैं। जिन पर कई बार कार्रवाई के बाबत कनाडा सरकार को कहा गया है। इस बात के पुख्ता प्रमाण उपलब्ध कराये गये थे कि कनाडा की धरती से तमाम संगठित अपराध संचालित किये जा रहे हैं। जाहिर तौर पर जयशंकर ने दुनिया को यह अहसास कराने का प्रयास किया कि कनाडा सरकार की नाक के नीचे सुनियोजित ढंग से अलगाववादी कार्रवाइयां चल रही हैं। ऐसे तत्वों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला तक किया है। इतना ही नहीं भारतीय राजनयिकों को धमकियां दी गईं। विदेश मंत्री ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के आलोक में कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देकर भारत की राजनीति में हस्तक्षेप किया जा रहा है। सही मायनों में भारत-कनाडा के रिश्तों में आई कड़वाहट की हकीकत बताने में एस.जयशंकर सफल रहे। वहीं, यूएन सम्मेलन में भी विदेश मंत्री ने कहा कि वे दिन चले गये हैं जब दुनिया के कुछ बड़े राष्ट्र अपनी सुविधा के लिये एजेंडा तय करते थे और फिर शेष दुनिया को उस पर चलने के लिये बाध्य करते थे। दरअसल, ट्रूडो के आरोपों के बाद कनाडा भी अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, दुनिया की दूसरी बड़ी शक्तियों को भी उभरते भारत के महत्व का अहसास है। जैसे कनाडा अमेरिका का निकट का सहयोगी है, उस हिसाब से अमेरिका भी उसके आरोपों के समर्थन में खुलकर सामने नहीं आया। दरअसल, जिस खुफिया साझेदारी के संगठन फाइव आइज की सूचना को ट्रूडो आधार बना रहे थे, उस इंटेलिजेंस अलायंस के सहयोगी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन व न्यूजीलैंड का मुखर समर्थन कनाडा को नहीं मिल पाया। यह भारत की मौजूदा वैश्विक छवि के चलते ही हुआ। यह भी कहा जाता रहा है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई ने भी इस बाबत जानकारी साझा की थी। बहुत संभव था कि यदि जानकारी पुख्ता होती तो अमेरिका के तेवर तीखे होते। इस बाबत पूछे जाने पर एसध् जयशंकर ने दो-टूक जवाब दिया कि हम न फाइव आइज का हिस्सा हैं और न ही एफबीआई का, जो इस बाबत जवाब दे सकें। विदेश मंत्री ने कहा कि निज्जर प्रकरण में कनाडा की तरफ से कोई तथ्य उपलब्ध नहीं कराए गये हैं। दरअसल, इससे पहले राजनयिक क्षेत्रों में कहा जा रहा था कि विदेश मंत्री को संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से कनाडा को संदेश देना चाहिए था। लेकिन हकीकत यह है कि तीसरे विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत हमेशा से ही इस मंच का उपयोग वैश्विक मुद्दों को उठाने के लिये करता रहा है। जयशंकर ने महासभा के जरिये साफ कह दिया कि दुनिया की बड़ी राजनीतिक ताकतें हिंसा, उग्रवाद व आतंकवाद पर प्रतिक्रिया अपनी राजनीतिक सुविधा से तय करती हैं। वैश्विक मंच से विदेश मंत्री ने हाल की भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि नई दिल्ली के जी-20 सम्मेलन से हासिल की गूंज आने वाले दशकों में सुनाई देगी। हम विश्व मित्र के रूप में उभरे हैं।

वहीदा रहमान को फाल्के अवार्ड

आदित्य नारायण

कहा जाता है कि वर्ष 1959 में रिलीज हुई गुरुदत्त की फिल्म 'कागज के फूल' उन दोनों के असफल प्रेम कथा पर आधारित थी। हालांकि बाद के वर्षों में भी वहीदा रहमान ने गुरुदत्त के साथ दो अन्य फिल्में की थीं। इनमें वर्ष 1960 की 'चौदहवीं का चांद' और वर्ष 1962 की 'साहिब बीबी और गुलाम' प्रमुख हैं।

बेहतरीन फिल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के अवार्ड देने की घोषणा एक ऐसी महिला का सम्मान है जिसने अपने जीवन में तरह-तरह की पाबंदियों, रुढ़िवादी विचारों और वर्जनाओं को तोड़ कर अपना मुकाम हासिल किया। वहीदा रहमान ने "आज फिर जीने की तमन्ना है, आज फिर मरने का इरादा है" को फिल्मी पर्दे पर जीकर महिलाओं को अभिव्यक्ति की नई जुबां दी। यद्यपि आज सिनेमा का स्वरूप बदल गया है। फिल्मी कहानियां भी पहले दौर जैसी नहीं रहीं। ग्लैमर की चकाचौंध से प्रभावित फिल्मी संसार का कल्पना लोक बहुत विस्तार पा चुका है। लेकिन लोग आज भी वहीदा रहमान के निभाए गए किरदारों को भुला नहीं सके। वहीदा रहमान का जन्म तमिलनाडु के चेंगल पट्टू में 1938 में तमिल मुस्लिम परिवार में हुआ था और उन्होंने तेलुगू सिनेमा रोजुलु मरई में बाल कलाकार के तौर पर फिल्मी संसार में कदम रखा था। इस समय तक वह भरत नाट्यम की उम्दा नृत्यांगना बन चुकी थी। युवा होने पर वह भारतीय सिनेमा की मुख्यध ारा में आने के लिए प्रयास करती रही। इसी दौरान उनकी मुलाकात उस दौर के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता निर्देशक गुरुदत्त से हुई। वर्ष 1956 में गुरुदत्त ने वहीदा रहमान को देव आनंद के साथ 'सी.आई.डी.' में खलनायिका की भूमिका में लिया और यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर सुपरहिट रही। इसके बाद वर्ष 1957 में गुरुदत्त और वहीदा रहमान की क्लासिक फिल्म 'प्यासा' रिलीज हुई। यह फिल्म गुरुदत्त और वहीदा के बीच प्रेम-प्रसंग को लेकर काफी चर्चा में रही। कहा जाता है कि वर्ष 1959 में रिलीज हुई गुरुदत्त की फिल्म 'कागज के फूल' उन दोनों के असफल प्रेम कथा पर आध ारित थी। हालांकि बाद के वर्षों में भी वहीदा रहमान ने गुरुदत्त के साथ दो अन्य फिल्में की थीं। इनमें वर्ष 1960 की 'चौदहवीं का चांद' और वर्ष 1962 की 'साहिब बीबी और गुलाम' प्रमुख हैं। इसके अलावा वहीदा की गुरुदत्त के साथ दो अन्य क्लासिक फिल्में '12 ओ' क्लॉक' (1958) और फुल मून (1961) भी हैं। फिल्मों में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान की जोड़ी खूब जमी थी। दोनों ने हिंदी फिल्म जगत को पांच सुपरहिट फिल्में दी थीं। ये फिल्में हैं-सी.आई.डी., सोलहवां साल, काला बाजार, बात एक रात की और गाइड। इसके अलावा दोनों ने दो और फिल्में 'रूप की रानी चोरों का राजा' और 'प्रेम पुजारी' की थीं, परंतु दुर्भाग्यवश आलोचकों की सराहना के बावजूद बॉक्स-ऑफिस पर दोनों फिल्में फ्लॉप रहीं। फिल्म गाइड में वहीदा द्वारा अभिनीत चरित्र 'रोजी' और उनके अभिनय को

उस जमाने में काफी सराहा गया था। रोजी नाम की एक महिला का अपने पति को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ प्रेम-प्रसंग, उस समय एक आम भारतीय पारंपरिक परिवार के लिए स्वीकार्य न होने के बावजूद फिल्म का सुपरहिट होना वहीदा और देव आनंद के सशक्त अभिनय का परिणाम था। उस समय वहीदा रहमान ने भी माना था कि अगर उसे फिर से 'गाइड' जैसी फिल्म में अभिनय करने का मौका मिलेगा तब भी वह संभवतः ही 'रोजी' जैसी चरित्र को निभा पाएंगी। उन्होंने दिलीप कुमार, मनोज कुमार, सुनील दत्त, राज कपूर और ध र्मेन्द्र के साथ भी फिल्में कीं और पर्दे पर हलचल मचाए रखी। 1974 में उस दौर के सुपर स्टार अभिनेता राजेश खन्ना के साथ आई फिल्म खामोशी ने बॉक्स ऑफिस पर ध ूम मचाए रखी। कभी-कभी आप के बोये हुए पेड़ बहुत देर तक फल देते रहते हैं। वहीदा रहमान के साथ भी यही हुआ। उनके बेहतरीन अभिनय के चलते उनकी फिल्में सुपरहिट रहीं, लेकिन नम्बर गेम में वह कभी शामिल नहीं हुईं। प्यासा में माला सिन्हा और साहब बीबी और गुलाम में मीना कुमारी के साथ होने पर उनकी सफलता बंट गई, लेकिन उनके अभिनय की तारीफ जारी रही। उन्होंने हमेशा अपनी शर्तों पर काम किया और उन्होंने अपना स्वाभिमान और आत्म सम्मान बनाए रखा। नम्बर वन का सिंहासन पाने की उनकी कभी कोई इच्छा नहीं रही। उस दौर में कई नई अभिनेत्रियां आई, लेकिन अभिनेत्री के तौर पर वहीदा जी की रेंज उनको निरंतर प्रतिष्ठापित करती रही। ऐसा नहीं था कि उन्होंने असफलता का स्वाद नहीं चखा। उनकी राह भी इतनी सपाट नहीं थी। उस दौर में शर्मिला टैगोर, मुमताज, हेमा मालिनी, जया भादुड़ी दर्शकों की कसौटी पर थीं। उम्र होने पर वहीदा जी ने अमिताभ बच्चन के साथ मां की भूमिका भी निभाई। फिल्म गाइड की रोजी, तीसरी कसम की हीरा बाई, नीलकमल की नीलकमल की भूमिका एक जीवंत दस्तावेज बन चुकी है। फिल्म उद्योग में वहीदा रहमान को बड़ा सम्मान प्राप्त है। उन्हें सम्मान दिए जाने से स्वयं दादा साहब फाल्के पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ी है। यह घोषणा भी सदाबहार अभिनेता देवानंद की जन्मशती पर की गई। यह वास्तव में एक बड़ा संयोग भी है।

सांसदी से विधायकी की भाजपायी उलटबांसी

भारतीय जनता पार्टी प्रयोगों के नये दौर से गुजर रही है। दुनिया में नेतृत्व व जनप्रतिनिधित्व का विकास नीचे से ऊपर तरफ होता है। कतिपय अपवादों को छोड़कर अपने कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत या पार्षद स्तर से विधायकी और फिर वहां से सासंदी का रास्ता दिखलाया जाता है लेकिन भाजपा में उल्टी धारा बह रही है। इसी नवम्बर में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भी हैं। दोनों राज्यों के अब तक जितने उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है उनमें अनेक ऐसे हैं जो साफ तौर पर भाजपायी प्रयोग के गिनीपिग बनाये जा रहे हैं। ये सांसद हैं लेकिन उन्हें विभिन्न विधानसभाई सीटों पर लड़ाया जा रहा है। कुछ तो मंत्री भी हैं। संसद सदस्यों को राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये उतारना साबित करता है कि भाजपा के पास मुद्दों के साथ-साथ चेहरों की भी कमी है। हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके पीछे पार्टी के सर्वेसर्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके प्रमुख सहयोगी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुनियोजित चाल हो सकती है। देखना होगा कि यह कदम आत्मघाती साबित होता है या सफलता दिलाएगा। छत्तीसगढ़ की पहले बात कर लें! यहां भाजपा बेहद कमजोर स्थिति में है जहां 90 सीटों वाले सदन में उसके केवल 14 सदस्य हैं। यहां जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो गया है, उनमें दुर्ग से लोकसभा में पहुंचे विजय बघेल को उनके चाचा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन क्षेत्र से उतारा गया है। यह सीट दुर्ग की 8 विधानसभा सीटों में से एक है। राज्यसभा के सदस्य रामविचार नेताम सरगुजा क्षेत्र की रामानुजगंज सीट से चुनाव लड़ेंगे। रायपुर (शहर) सीट पर वर्तमान विधायक श्रीचंद सुंदरानी के साथ ही राजधानी के पूर्व महापौर सुनील सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा है जो इस वक्त रायपुर के सांसद हैं। बिलासपुर सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अरूण साव भाजपा के अध यक्ष हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें बिलासपुर विध ानसभा सीट से लड़ाया जा सकता है ताकि जीत की स्थिति में (जो वर्तमान परिदृश्य में दूर की कौड़ी है) उनका ओबीसी चेहरा काम आ सके और भूपेश बघेल का यह चुनाव प्रचार के दौरान जवाबी नाम भी हो। छत्तीसगढ़ की पिछले मुख्यमंत्रियों के समय से यह परम्परा बनी है कि जो पार्टी अध्यक्ष बहुमत दिला सके वही सीएम बन सकता है। 2003 में डॉ. रमन सिंह को सीएम पद इसलिये मिला था क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा जीती थी। ऐसे ही, भूपेश बघेल की अध यक्षता में कांग्रेस जीती जिसके बाद उनकी इस पद की दावेदारी पर पार्टी हाईकमान की मुहर लगी थी। देखना होगा कि अरूण साव को टिकट थमाई जाती है या नहीं और अगर ऐसा होता है तो क्या साव इस मौके को अपने लिये भुना पायेंगे? छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एकमात्र प्रतिनिधि ा सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद रेणुका सिंह हैं। क्या उन्हें भी छग में किसी सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये कहा जायेगा? अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में दर्जन भर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर अपने पक्ष में लेते हुए शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी। इस लिहाज से यह पराजित पार्टी की सरकार है। इस बीच सरकार के खिलाफ जन आक्रोश तगड़ा है। वहां तीन तरह की भाजपा बतलाई व्यवहार किया तथा सम्बोधन के दौरान उनका नाम तक नहीं लिया, उससे कुछ साफ संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि चौहान साहब अब मोदी के विश्वासपात्र नहीं रहे। उन्हें निपटाने के लिये ही मोदी-शाह ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों- प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 7 सांसदों को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री पद के लिये और हारती है तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिये बड़ों के बीच घमासान तय है। मजेदार बात यह है कि अब तक खुद शिवराज सिंह चौहान की उम्मीदवारी का अता-पता नहीं है। अगर वे चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाते तो किसके चेहरे पर पार्टी

अभी काफी सीटों पर नाम घोषित होने बकाया हैं। खैर, मध्यप्रदेश का मसला और भी दिलचस्प है। पेचीदा भी। छग में तो भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है परन्तु मप्र में तो पूरी सरकार ही उसकी झोली से सरक सकती है। वैसे भी पिछली बार कांग्रेस की ही सरकार बनी थी। कमलनाथ के नेतृत्व में वह डेढ़ साल चली भी परन्तु जाती है- शिवराज की, महाराज की (सिंधिया) और नाराज की (असंतुष्टों की)। यहां पीएम व शाह के लगातार दौरे हो रहे हैं लेकिन हालत सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। उल्टे, कांग्रेस सतत मजबूत हो रही है। ज्योतिरादित्य के निकटस्थ कई लोग कांग्रेस में लौट चुके हैं। पिछले हफ्ते मोदी जब आये तो उन्होंने मंच पर शिवराज से जो को विधानसभा सीटों की टिकटें थमाकर राज्य में भेज दिया है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित, जो कभी खुद ही प्रत्याशी तय करते थे, अब इंदौर-1 से चुनाव लडेंगे। कहा जाता है कि मप्र भाजपा के सामने मुद्दों के साथ चेहरों के भारी अभाव के ही चलते भाजपा ने इतने सांसदों को उतारा है। अब भाजपा चुनाव लड़ेगी, यह सवाल भी बड़ा है। स्थानीय चेहरे के अभाव में यह चुनाव अपने आप मोदी की छवि और उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जायेगा। पराजय सामने दिख रही है, तो ऐसे में क्या मोदी अपना नाम राज्य इकाई को उधार देंगे? रणनीति की यह उलटबांसी भाजपा के लिये वरदान बनती है या कयामत- देखना दिलचस्प होगा।

आया चुनावी यात्राओं का मौसम

भारत अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ चुका है। दिसम्बर महीने तक पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना व मिजोरम में संभवतः चुनाव आ जायेंगे और उसके बाद अगले साल के अप्रैल महीने से लोकसभा के चुनाव शुरू हो जायेंगे। इन चुनावों की तैयारी हालांकि दो स्तरों राज्य व देश स्तर पर करने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी पार्टी कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन ने करनी शुरू कर दी है। पिछले तीस वर्षों के भीतर देश की राजनीति में जन यात्राओं का प्रचलन जिस तरह बढ़ा है उससे राजनैतिक दलों की चुनावी रणनीति में अन्तर भी देखा जा सकता है। पहले जहां राजनैतिक दल जनसभाओं पर जोर देते थे वहीं अब यात्राओं पर भी बराबर का जोर देने लगे हैं। इस परंपरा को हम लोकतन्त्र को अधिकाधिक लोकमूलक बनाने की दिशा में भी कह सकते हैं क्योंकि कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी ने अपनी 'भारत-जोड़ो यात्रा' से सिद्ध कर दिया कि सीधे जनता के सम्पर्क में आने पर सुप्त जन विमर्शों को भी खड़ा किया जा सकता है। उनकी इस यात्रा की सफलता ने देश के दूसरे राजनैतिक दलों को भी प्रेरित किया है। वर्तमान में राजनैतिक यात्राएं चुनावी मौसम में करने का प्रतिफल भी तुरन्त ही प्राप्त होता है जिसे देखते हुए केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी ने अपनी मोदी सरकार की जन- कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की गरज से 'ग्रामीण संवाद यात्राएं' शुरू करने का फैसला किया है। ये यात्राएं लोकसभा चुनावों से पहले अक्तूबर या नवम्बर महीने से शुरू की जायेंगी। दूसरी तरफ राजस्थान राज्य के चुनावों के सन्दर्भ में इस राज्य के कांग्रेसी मुख्यमन्त्री श्री अशोक गहलोत पूरे सूबे की तीन हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा 'मिशन -2030' के लक्ष्य के साथ लगातार नौ दिन तक करेंगे। गहलोत का लक्ष्य है कि राजस्थान को 2030 तक भारत का नम्बर एक राज्य उनकी सदारत में बना दिया जायेगा। बेशक यह यात्रा राज्य के चुनावों से पहले ही पूरी की जायेगी जिससे उनकी पार्टी कांग्रेस के विभिन्न कार्यक्रमों से जनता भली-भांति परिचित हो सके। केन्द्र का भी लक्ष्य यही है कि मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं या आम लोगों को सुविधाएं दी हैं उनका गांव-गांव में प्रचार किया जाये और जो लोग इन योजनाओं से वंचित रह गये हैं मगर पात्र बनने के अधिकारी हैं उनका पंजीकरण किया जाये। केन्द्र की योजनाएं लोगों की जरूरतों को देखते हुए बनाई गई हैं। इनमें प्रधानमन्त्री किसान, मुद्रा, जनधन, आवास व विश्वकर्मा योजनाएं प्रमुख हैं। जबकि राजस्थान सरकार की गहलोत यात्रा में जोर इस बात पर होगा कि उनकी सरकार विधानसभा में विभिन्न कानून बनाकर गरीब व दलित और पिछड़े लोगों के हक में कौन-कौन से कानून बनाकर उन्हें जड़ से सशक्त किया है और हमेशा के लिए उनका अधिकार बना दिया है। इन कानूनों के बन जाने से किसी किसान की जमीन बैंक अपना कर्जा वसूल करने के लिए खर्च नहीं कर सकते और हर व्यक्ति का 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा होगा जिससे वह निजी व सरकारी अस्पतालों में इलाज मुफ्त करा सकता है। वहीं केन्द्र की भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना है जिसमें पांच लाख रुपए तक का बीमा है। गहलोत सरकार ने किसानों की फसलों का बीमा कराने के लिए भी कानून बनाया है जबकि केन्द्र की किसान फसल बीमा योजना भी लागू है। इसी प्रकार केन्द्र सरकार की ग्रामीण संवाद यात्राओं का लक्ष्य भी मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों के बारे में आम लोगों को बताना और नये लाभार्थियों का पंजीकरण करना होगा। इसका उद्देश्य भी चुनावी प्रचार ही है। फर्क सिर्फ यह है कि सरकार खुद गांवों में जाकर लोगों को अपने कार्यक्रमों के बारे में बतायेगी। केन्द्र की ग्रामीण संवाद यात्राएं भारी शान वाली होंगी जिसके लिए 1500 रथ तैयार किये जायेंगे जो जीपीएस प्रणाली से लैस होंगे और इनकी निगरानी ड्रोन भी करते चलेंगे। ये रथ कुल ढाई लाख ग्राम पंचायतों में जायेंगे। ये यात्राएं कम से कम दो महीने तक चलेंगी। जाहिर है कि राजनैतिक दल ऐसी यात्राओं का आयोजन चुनावों में तुरन्त लाभ कमाने की दृष्टि से ही करती हैं परन्तु इसका लाभ आम जनता के राजनैतिक रूप से सजग होने में भी होता है। यह सवाल भी अक्सर जनता के बीच राजनैतिक दल उठाते रहते हैं कि लोकतन्त्र में गरीबों या आम आदमी को सुविधाएं शासन की कृपा से नहीं मिलतीं बल्कि कानून बनाकर उन्हें देने से हमेशा के लिए मिलती हैं क्योंकि इस व्यवस्था में आम आदमी की भागीदारी शासन में होती है। इसी वजह से लोकतन्त्र में बनी सरकार को जनता की भागीदारी से बनी सरकार कहा जाता है। देश में राजनैतिक दलों की सरकारें अदल-बदल सकती हैं मगर जनता को मिले कानूनी अधिकार नहीं बदलने का साहस कोई भी राजनैतिक दल नहीं कर सकता।

क्षमा वीरस्य भूषणम के पावन पर्व कार्यक्रम मौ नगर में जैन समाज द्वारा रखा गया जिसमें पहुंचे भाजपा प्रत्याशी लाल सिंह आर्य जी

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़

क्षमा वाणी पर्व के अवसर पर समस्त मौ जैन समाज द्वारा कार्यक्रम एवं यात्रा निकाली गई जिसमें बहुत विधानसभा प्रत्याशी लाल सिंह आर्य जी उपस्थित हुए उन्होंने समस्त जैन समाज से क्षमा माफी मांगी की देर से आया हूं इसके लिए क्षमा चाहता हूं और जैन समाज द्वारा एक चौराहा जैन समाज के नाम से बनाया जाए यह मांग रखी तथा लाल सिंह आर्य जी ने एक चौराहा जैन समाज के नाम से देने का वादा किया एवं समाज समाज का आभारी रहूंगा यदि आप मुझे गोहद की सेवा करने का अवसर देंगे तो इस बीच जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर दिनेश जैन जी, पदमचंद जैन जी, कुशलचंद जैन जी, जिनेंद्र जैन जी, विकास मोदी जी, पवन कुमार जैन जी, आगम जैन जी, एवं समस्त जैन समाज कमेटी मौ सभी माता एवं बहनों उपस्थिति रही एंव भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वार्ड नंबर 13 द्वारकापुरी मौ नगर मे चल रहा नाले का निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सज्जन सिंह यादव जी

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़

मौ नगर में चल रहा विकास कार्य नगर परिषद की ओर से वार्ड नंबर 13 द्वारकापुरी में नाले का निर्माण कार्य चल रहा है जो मेंन रोड से लज्जाराम परिहार के मकान तक बनाया जा रहा है बहुत ही तेजी गति से नगर परिषद द्वारा कई विकास कार्य किये जा रहे हैं अच्छी तरीके से कार्य हो रहा है कि नहीं इसका निरीक्षण करने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सज्जन सिंह यादव जी पहुंचे उनके साथ में वार्ड नंबर 13 के पार्षद सुल्तान मौर्य एवं कई मोहल्ला के निवासी उपस्थित रहे।

07 वर्षों से फरार 02 स्थाई वारंटी उमरी पुलिस की गिरफ्त में

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक तथा पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती पूनम थापा शर्मा के मार्गदर्शन में फरारी-स्थाई वारंटीयो की धरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाकर कार्यवाहियां की जा रही है इसी कड़ी में आज थाना उमरी पुलिस द्वारा प्रकरण क्रमांक 110/17 धारा 279,337,338,304( ) में विगत 06 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी रामबाबू पुत्र जनक सिंह भदोरिया निवासी सराय का पुरा थाना फूफ जिला भिंड को आरोपी के घर से प्रकरण क्रमांक 1927/16 धारा 279,337 भादवि में विगत 07 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी प्रमोद मिश्रा पुत्र गोपाल मिश्रा निवासी राधा कॉलोनी भिंड थाना देहात को गोहद चौराहा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया । दोनो आरोपी विगत कई वर्षो से फरार थे जिनकी लगातार पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी । आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा, प्रधान आर विनोद सिंह, आशीष तिवारी, आरक्षक विमल भदौरिया,धर्मपाल परिहार,थाना उमरी, रामकुमार तोमर थाना गोहद चौराहा की मुख्य भूमिका रही ।

अनंत चतुर्दशी पर भजन कीर्तन का आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

गांधीधाम। सीरवी समाज भवन गांधीधाम में भादवा शुद्ध चौवदस गुरुवार तारीख 28 सितंबर को अनंत चतुदर्शी पर श्रद्धालुओं की ओर से भगवान श्रीहरि के पूजन का आयोजन किया गया। अनंत चतुदर्शी के उपलक्ष में भगवान की भेरुजी खेतलाजी का जागरण रखा और भोजन प्रसाद रखा गया। वर्तधारियों ने कथा श्रवण कर पवित्र धागा बांधकर व्रत का उद्यापन कर सर्वत खुशहाली की कामना की।महिलाओं ने भगवान का भजन-कीर्तन किया। इस पर्व का गांधीधाम सीरवी समाज के भाई और बहनों ने लाभ लिया। रामलाल सेंणचा ने बताया की लगभग सभी सीरवी समाज गांधीधाम वाले भजन संध्या में पधारे और भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

भाजपा बहिनों के वोट कबाड़ने लगा रही है बोली : अनुमा आचार्य

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने प्रेसवार्ता में साधा शिवराज सरकार पर निशाना

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और रिटा.विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने जिला कांग्रेस कार्यालय भिण्ड में अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान प्रेसवार्ता कर शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सर्वे में शिवराज सरकार की जमीन सरक रही थी। उन्हे सर्वे में हार मिल रही थी इसलिए शिवराज सरकार लाड़ली बहनों की राशि बड़ाकर उनके वोटो की बोली लगा रही है।

अनुमा आचार्य ने कहा कि कांग्रेस नेता कमलनाथ द्वारा की गई घोषणाओं की शिवराज सिंह सरकार ने नकल तो की, लेकिन नकल के लिए बजट चाहिए था। अब जमीन खिसक रही है। सर्वे में हार रहे हैं, तो वह लगातार लाड़ली बहनों की बोली लगाकर लाड़ली बहनाओं का अपमान कर रहे हैं। विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने कहा कि महिलाएं इस बात को समझ चुकी हैं। शिवराज की इस बार चुनाव में चलने वाली नहीं है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुमा आचार्य ने शिवराज सरकार पर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 50 प्रतिशत कमिशन वाली भ्रष्टाचार की सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवा बेरोजगार है। प्रदेश के वीर मुख्यमंत्री कर्ज लेकर के

अपने उद्योगपति मित्रों और बीजेपी साथियों को मालामाल कर रहे हैं। प्रदेश कंगाल होता जा रहा है। कांग्रेस की प्रबक्ता अनुमा आचार्य ने भिण्ड की समस्याओं पर बोलते हुए कहा भाजपा की 18 वर्षो की कुशासन वाली सरकार में युवा बेरोजगार हो गया, इसलिए नशे की लत में जकड़ गया है। लोग भिण्ड में गंजे की खेती अपने घरों में करते नजर आ रहे है। कुछ युवा अन्य शहरों में पलायन कर रहे है तो कुछ नशे की लत में आकर अपराध जगत में अपना भविष्य चौपट कर रहे हैं। उन्होंने कहा मालनपुर औधोगिक क्षेत्र में आज फैक्ट्रियों की संख्या कम होती जा रही है। उन्होंने स्वास्थ सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा भिण्ड जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी है यहां अस्पताल तो है लेकिन चिक्तसिकों की कमी से जिला अस्पताल खुद बीमार नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा भिण्ड में अपराधियों का बोल बाला है । यहां अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं जो राज गोली बारी की घटना दिन दहाड़े हो रही है। न बिटिया सुरक्षित न व्यापारी, न आमजन पुलिस का भय अपराधियों से जा चुका है। पुलिस खुद अपराधियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने ने उज्जैन की घटना का जिक्र करते हुए रेप पीड़िता के लिए दुख व्यक्त किया।साथ ही मरती मानवीय संवेदनाओ पर चिंता व्यक्त की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने शिवराज सरकार पर हमला बोलते हुए कहा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद ग्रह क्षेत्र में अवैद रेत खनन रोकने में नाकाम साबित हुए हैं। भिण्ड सहित पूरे प्रदेश में माफिया हावी है। प्रेसवार्ता के दौरान उनके साथ भिण्ड जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह,प्रदेश प्रवक्ता आरपी.एन सिंह,प्रवक्ता अनिल भारद्वाज,शहर अध्यक्ष डा.राधेश्याम शर्मा,जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव,नरोत्तम चौरसिया शामिल रहे।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए किया नुक्कड़ नाटक और लगाई व्यंजन प्रदर्शनी

महिला एंव बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के साथ मिलकर ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की टीम द्वारा ग्राम रेंहटी, ग्राम पार, ग्राम पनिहार, और वीरपुर में स्कूल में बच्चो के साथ और आंगनवाड़ी पर महिलाओं के साथ राष्ट्रीय पोषण माह मनाया। जिसके अंतर्गत पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए महिलाओं को बताया कि हमारा पोषण किस प्रकार का होना चाहिए एंव किस प्रकार गर्भवती, धात्री, बच्चे, किशोर - किशोरियों में कुपोषण और खून की कमी होती हैं जिसका सीधा संबंध पोषण से ही है सभी के द्वारा मिलकर पोषण प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें पोषण थाली टी. एच.आर. से बने व्यंजन और मोटे अनाज से बने व्यंजन शामिल थे। साथ ही इस प्रदर्शनी के माध्यम से अन्य महिलाओ को समझाया गया कि किस प्रकार इन सभी वस्तुओं का उपयोग कर हम घर में पौष्टिक भोजन बना सकते हैं! एंव बताया गया कि मोटे अनाजों में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व पाये जाते हैं!

कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन से जितेन्द्र पाटीदार ने कहा की पोषण माह की थीम महिला और स्वास्थ्य व बच्चो और शिक्षा रखी गई है कार्यक्रम मे सभी को पोषण के बारे मे जानकारी दी गई एवं पोषण को लेकर दैनिक दिनचर्या क्या होनी चाहिए इसके बारे मे भी विस्तार से समझाया गया साथ ही पोषण वाटिका के लगाये जाने के बारे में बताया गया एवं पोषण की घंटी कुपोषण से छुट्टी को लेकर सभी को जागरूक किया गया। साथ ही जागरूक करते हुये बताया कि किशोरी बालक बालिकाये किस प्रकार से सुरक्षित रह सकती है। गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या आहार एवं सावधानिया बरतनी चाहिए, साथ ही कुपोषित बच्चे की माता को पोषण वाटिका से प्राप्त हरी सब्जियां दी गई। और पूरक पोषाहार के पैकिट दिए गए। कार्यक्रम मैं व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई, पेंटिग प्रदर्शनी लगाई गई, इस माह जिन बच्चों का जन्म दिवस था उन्हें बच्चों का जन्म दिवस मनाया गया।और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। शिक्षा विभाग ग्राम पार से स्कूल प्राचार्य जसबंत सिहं बंसल ग्राम पंचायत सरपंच पूरन सिहं आदिवासी , पनिहार हाई स्कूल प्रिंसिपल - ओमप्रकाश कैन एंव समस्त स्टाफ न्यूट्रीशन इंटरनेशनल नरिस लाईफ से संभाग समन्वयक अंकित वशिष्ठ खान, महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर लक्ष्मी तोमर, ब्रिटानिया टीम से जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र पाटीदार, मनीष शर्मा, एरिया कोडिनेटर अनिल मिश्रा, पूरन सिहं राजपूत ,हर्षिता पाठक, विकास सोनी , पूजा चौरसिया सभी आँगनवाडी कार्यकर्ता मीडिया प्रभारी रहीश खान आदि उपस्थित थे।

एक शाम खेतालाजी व भैरूजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

हैदराबाद। जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता वडेर प्रांगण में एक शाम खेतलाजी व भैरूजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आगाज दीप प्रज्वलित से हुआ। भजन गायक रविंद्र सिंह राजपुरोहित एण्ड पार्टी की ओर से गुरू वंदना प्रस्तुत की उसके बाद राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुतियां दी। संस्था के सचिव नारायणलाल बर्फा सह-सचिव प्रेम पवांर ने पूजा-अर्चना कर भजनों का लाभ लिया। भजन गायक द्वारा गुरू वंदना महाराज गजानंद आओ म्हारी सभा में रंग बरसाओं जगदम्बे माता जोगणिया जी लावनी ठुमक ठुमक चाले भवानी ले हाथा तलवार भवानी मारी जोगनिया मा भेरूजी का भजन गाकर उनको याद करते हुए ढोल नंगारा बाजा करे भेरूजी का भोपा नाचिया करे भोपा करे भाव भेरू जी नाचिया गायकों ने खेताजी महिमा का बखान किया। भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। अंत में भगवान श्री गणेश जी आरती गाकर भजन संध्या को विराम दिया गया। भक्तों के लिए चाय नाश्ता की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर मांगीलाल सोलंकी,भुरा राम काग, लाबु राम, उदा राम काग, जीवा राम हाम्बड, डुगा राम सिन्दडा सहित समाज के अनेक गणमान्य मौजूद थे।

भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के बिना कहीं भी जनादेश नहीं मिलेगा: भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. जोगेंद्र सिंह भदौरिया ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव है जनता वर्ष पूर्व के मन को भूली नहीं है खराब समस्या से मुक्ति के लिए जनता जनार्दन ने भाजपा को उसने भी शिरफ प्रदेश को लूटा व्यापाम घोटाला ई टेंडर पोषण आहार और हाल ही पटवारी भर्ती घोटाला ऐसे सेकडो घोटाले से जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है पिछली बार कॉंग्रेस को मौक़ा दिया तो उसने मात्र महिने में भ्रष्टाचार की सारी हदें पर कर दी और ट्रान्सफर इंडस्ट्री खोल दी। मध्य प्रदेश की भाजपा की सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही डबल इंजन कि सरकार ने जनता को धोखा और सिर्फ़ धोखा दिया मध्यप्रदेश के किसान आज खून के आंसू रो रहा है और आत्महत्या करने को मजबूर है। भ्रष्टाचार का चरो तरफ़ बोलबाला है युवाओं को रो?गार देने की बात करने वाली सरकार युवाओं का रोजगार दीन रही है व्यापम घोटाले की जाँच अभी पूरी भी नहीं हुई है और भाजपा की सरकार का पटवारी परीक्षा भर्ती घोटाला आप के सामने आ गया है छात्र और युवा सड़कों पर है सरकार और मंत्री मजे मार रहे हैं जनता कांग्रेस और भाजपा से त्रस्त हो गयी है कमलनाथ सरकार ने भी ऋण माफी वादे से वादाखिलाफी की जिससे किसानों में आक्रोश है। एक साँपनाथ तो एक नागनाथ वाली कहावत मध्यप्रदेश में पूरी तरह चरित्रत्रार्थ है। प्रदेश की जनता मजबूर है वह तीसरे दल और विकल्प की तलाश कर रही है और अपने मताधिकार की शक्ति दिखाना चाहती है। इसी परिपेक्ष में भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी अपने समान विचारधारा वाले दलों के साथ मध्यप्रदेश, छतीसगढ़, राजस्थान का चुनाव के साथ लड़ने जा रहीं है। भारतीय क्रांतिकारी पार्टी ने अपने दरवाज़े सभी के लिए खुले हैं।

हमारे साथ राज्य के अनेक छोटे छोटे राजनैतिक दलों से बात चीत चल रही है। हम सभी एक साथ मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। जो दल जिस विधानसभा क्षेत्र में मजबूत हैं ,वहाँ पर उनको ता?त से चुनाव लड़ाया जाएगा। तीनों राज्यों में प्रत्येक जिले की आवश्यकता एवं माँग के अनुसार हर जिले का घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। सरकार बनने पर

प्रदेशवासियों को 100 प्रतिशत रोजगार देने का कार्य किया जाएगा सरकार बनने पर राजनीतिक कारणों से बनाए गए सभी प्रकरणों को वापस लिया जाएगा। सरकारी परीक्षा और सरकारी पदों के लिए होने वाली परीक्षा से आवेदन शुल्क को समाप्त किया जाएगा सरकारी परीक्षा और सरकारी पदों में नियुक्ति पारदर्शिता के साथ होगी नियुक्ति में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। श्री भदौरिया ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले सभी कर्मचारी अधिकारियों के लिए कड़ा कानून बनाया जाएगा जैसा की आप सभी को पता है आज आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण महंगी शिक्षा और महंगा स्वास्थ्य है सरकार बनने पर पूरी तरह से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक विस्तार किया जाएगा सरकार बनने पर 3 साल की अवधि तक अर्थात जब तक की स्थिर और सक्षम नहीं हो जाते सभी सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लिए लागू नियम एवं कानून से राहत और पूर्ण मुक्ति दी जाएगी सरकार बनने पर परिवार की महिला मुखिया के खाते में 5000 प्रति माह देने का निर्णय लिया गया सरकार बनने पर सभी के लिए विशेष स्वास्थ्य अधिकार कानून लागू होगा सरकार बनने पर सभी को सुनिश्चित तौर पर खाद्य सुरक्षा देने का निर्णय सरकार बनने पर सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले इंटरनेट देने का निर्णय सरकार बनने पर सार्वजनिक हित के मामलों की जांच करने वाले पत्रकारों या उन पत्रकारों के जिनकी जान व जीवन को खतरा है नियम अनुसार पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय किसी भी पत्रकार की पत्रकारिता के दौरान दुर्घटना होने पर 5 करोड़ रुपए की परिवार को मदद आगामी चुनावों के मध्य नजर के कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. जोगेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा बिना हमारी के तीनों राज्यों में नहीं मिलेगा जनादेश श्री भदौरिया ने कहा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार तो कभी कांग्रेस की सरकार रही है प्रदेश की जनता इन दोनों सरकारों से त्रस्त हो चुकी है जनता मजबूर है व तीसरे विकल्प की तलाश कर रही है अपने मताधिकार की शक्ति दिखाना चाहती है इसी प्रत्यक्ष में भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी अपने समान विचारधारा वाले दलों के साथ मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान का चुनाव मजबूती के साथ लड़ने जा रही है भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ने अपने दरवाजे सभी समान विचारधारा वाले दलों के लिए खुले रखे हैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भदोरिया ने कहा कि हमारी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है डॉओम प्रकाश सिंह ने लोकनायक जयप्रकाश जी के साथ मिलकर संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था जिसके आधार पर जनता पार्टी का जन्म हुआ उसी से बिखर कर अन्य बहुत सारे दलों का जन्म हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी भी है लेकिन आज जीपीके उन आदर्शों और मूल्यों को पूरी तरह से भुला दिया गया उपरोक्त संबंध में देशभर से 10000 कार्यकर्ताओं ने श्री जयप्रकाश जी के आदर्शों पर चलने का निर्णय लिया और भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया अर्थात इससे यह सिद्ध होता है कि भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के बिना इन राज्यों में सरकार नहीं बनेगी।

एशियाई खेल स्क्वैश: भारतीय महिला टीम ने जीता कांस्य

हांगझू। एशियाई खेलों में शुक्रवार को भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने कांस्य पदक जीता। महिला टीम सेमीफाइनल में भारत को हांगकांग (चीन) के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने 2018 संस्करण में रजत पदक जीता था। सेमीफाइनल मुकाबले में पहले महिला एकल मुकाबले में तन्वी खन्ना का सामना चैन सिन युक से हुआ। चैन ने यह मुकाबला 0-3 (6-11, 7-11, 3-11) से जीतकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालाँकि, अनुभवी जोशना चिनप्पा ने हो त्जे लोक के खिलाफ दूसरा मुकाबला 3-2 (7-11, 11-7, 9-11, 11-6, 11-8) से जीतकर भारत को 1-1 से बराबरी दिलाई। निर्णायक एकल मुकाबले में, 15 वर्षीय अनाहत सिंह का मुकाबला 29 वर्षीय ली का यी हुआ। ली ने इस मुकाबले में अनाहत को 0-3 (8-11, 7-11, 10-12) से हराकर हांगकांग को 3-0 से जीत दिला दी और इसी के साथ भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

एशियाई खेल: भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का सफर समाप्त, क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड ने 3-0 से हराया

हांगझू। एशियाई खेलों में शुक्रवार को भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का सफर समाप्त हो गया। बैडमिंटन महिला टीम क्वार्टरफाइनल में भारतीय टीम को थाईलैंड से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। महिला टीम क्वार्टरफाइनल के पहले मुकाबले में पीवी सिंधु का सामना पोर्नपावी चोचुवोंग से हुआ। चोचुवोंग ने यह मुकाबला 14-21, 21-15, 21-14 से जीता। यह मैच 67 मिनट तक चला।इसके बाद शुरुआती एकल में पीवी सिंधु की पोर्नपावी चोचुवोंग से हार के बाद, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का युगल में सामान जोंगकोलफान किट्टीथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई से हुआ।थाई जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को केवल 20 मिनट में 21-19, 21-5 से हराकर थाईलैंड को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया। तीसरे मुकाबले में अश्मिता चालिहा का सामना बुसानन ओंगबामरुंगफान से हुआ। बुसानन ने अश्मिता को 44 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9, 21-16 से हराकर थाईलैंड को 3-0 से जीत दिलाई और अपने देश को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

प्रैक्टिस मैच से पहले घर लौटे टेम्बा बावुमा, प्रबंधन बोला- निजी कारण है

तिरुवनंतपुरम । दक्षिण अफ्रीका को गुरुवार को झटका लगा जब उसकी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में टीम के 2 अभ्यास मैच से पूर्व निजी कारणों से भारत से स्वदेश लौट गए। दक्षिण अफ्रीका को अपने पहले अभ्यास मैच में 29 सितंबर का अफगानिस्तान जबकि दूसरे अभ्यास मैच में 2 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से भिड़ना है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के सोशल मीडिया हैंडल पर अपडेट के अनुसार बावुमा निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं। बावुमा की गैरमौजूदगी में टी20 कप्तान ऐडन मार्कराम दो अभ्यास मैच में टीम की अगुआई करेंगे। बावुमा के विश्व कप के पहले मैच से पूर्व टीम से जुड़ने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत नयी दिल्ली में सात अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ करेगा।

एशियाई खेल : पलक को स्वर्ण, ईशा को रजत से निशानेबाजों ने पदकों की बौछार की

हांगझोउ। पलक गूलिया और ईशल स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। दोनों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। 17 वर्ष की पलक ने स्वर्ण और ईशा ने रजत पदक जीता। भारत ने इस एशियाई खेलों में निशानेबाजी में 6 स्वर्ण समेत 17 पदक जीत लिए हैं। पाकिस्तान की तलत किश्माला को कांस्य पदक मिला।

पलक का यह अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। उसने फाइनल में 242.1 स्कोर किया जो एशियाई खेलों में रिकॉर्ड है। बुधवार को 25 मीटर पिस्टल में व्यक्तिगत रजत जीतने वाली ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल रजत जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थी। ईशा ने व्यक्तिगत फाइनल में 239.7 स्कोर किया। पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर

(591), स्वप्निल कुसाले (591) और अखिल श्योराण (587) टीम में थे जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया। चीन 1763 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया को कांस्य पदक मिला। ऐश्वर्य और स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में पहले और दूसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया।

अखिल पांचवें स्थान पर रहते हुए भी फाइनल में जगह नहीं बना सके क्योंकि आठ टीमों के फाइनल में एक देश से दो ही प्रतियोगी भाग ले सकते हैं। अगले साल पेरिस ओलंपिक में पदक उम्मीद स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए 591 स्कोर किया। ऐश्वर्य का भी यही स्कोर था लेकिन इनर 10 ज्यादा मारने के कारण स्वप्निल शीर्ष रहे। महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम वर्ग में 18 वर्ष की ईशा (579), पलक (577) और दिव्या टीएस (575) का कुल स्कोर 1731 रहा। चीन ने 1736 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता जो एशियाई खेलों का रिकॉर्ड भी है । चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला। ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत भी जीता है। वहीं ईशा, मनु भाकर और रिदम सांगवान ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

एशियाई खेल: मनिका बत्रा टेबल टेनिस क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय एकल खिलाड़ी बनीं

हांगझू। शीर्ष भारतीय पैडलर मनिका बत्रा शुक्रवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। उन्होंने अपने 16वें राउंड के मैच में थाईलैंड की सुथासिनी सॉवेटाबुट को 4-2 (11-7, 6-11, 12-10, 11-13, 12-10, 11-6) से हराया। पहले चार रोमांचक सेटों के बाद, जिससे स्कोर 2-2 से बराबर हो गया, बत्रा ने अगले दो सेटों में सुथासिनी को हराकर जीत पक्की कर ली। वह टेबल टेनिस में एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय एकल खिलाड़ी बन गई हैं। वह अंतिम चार में जगह बनाने और एक सुनिश्चित पदक के लिए वांग यिडी से भिड़ेंगी।

दूसरी ओर, पुरुषों की प्रतियोगिता में, अनुभवी अचंता शरथ कमल-साथियान ज्ञानसेकरन और मानुष उत्पलभाई शाह व मानव विकास ठक्कर के राउंड 16 मैचों में परिणाम विपरीत रहे। अचंता-साथिया चीन के फैन ज़ेंडॉन्ग और वांग चुकिन से 0-3 (5-11, 4-11, 7-11) से हार गए। मानुष और मानव ने सिंगापुर के येव एन कोएन पैंग और इजाक क्वेक योंग को कड़े मुकाबले में 3-2 (3-11, 11-9, 11-6, 5-11, 11-8) से हराया। उनकी अगली लड़ाई क्वार्टर में शीर्ष वरीयता प्राप्त वूजिन जांग और जोंगहून लिम से होगी। श्रीजा अकुला-दीया चितले और सुतीर्था मुखर्जी-अहिका मुखर्जी आज बाद में 16 महिला युगल मैचों के अपने संबंधित दौर में खेलेंगी। साथियान और अचंता पुरुष एकल प्रतियोगिता में अपने-अपने राउंड 16 मैच भी खेलेंगे। टेनिस प्रतियोगिताएं 2 अक्टूबर को समाप्त होंगी।

राजकोट में रोहित शर्मा का आईफोन हुआ चोरी

राजकोट। राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हाल ही में समाप्त हुई भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के तीसरे वनडे मैच से पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने अपना आईफोन खो दिया था। विशेष रूप से हिटमैन का फोन तब गायब हो गया जब अनुभवी सलामी बल्लेबाज तीसरे वनडे से पहले नेट्स में अभ्यास कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक रोहित का फोन गायब होने की खबर तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो गई। हालांकि, इस विषय ने कप्तान को ज्यादा परेशान नहीं किया क्योंकि उन्होंने अंतिम वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी क्लास का प्रदर्शन किया।

रोहित सीरीज के पहले दो वनडे में नहीं खेल पाए थे लेकिन राजकोट में आखिरी वनडे के लिए लौटे और मुकाबले में सनसनीखेज प्रदर्शन किया। भारत के मैच हारने के बावजूद रोहित ने

अपना प्रभाव जाहिर करना सुनिश्चित किया। 353 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ने केवल 286 रन बनाए रोहित 57 गेंदों में 81 रनों के स्कोर के साथ भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाए। हालांकि यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने 66 रनों से खेल जीत लिया।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 ओवरों की श्रृंखला समाप्त करने के बाद टीम इंडिया आगामी वनडे विश्व कप 2023 के लिए कमर कस रही है। पहली बार पूरी तरह से इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन की मेजबानी करते हुए टीम के पास बेजोड़ घरेलू समर्थन होगा। गौर करने वाली बात यह भी है कि वनडे विश्व कप की शुरुआत से पहले भारत क्रमशः 30 सितंबर और 3 अक्टूबर को इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो अभ्यास मैचों में प्रतिस्पर्धा करेगा। इसके अलावा 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे।

रविचंद्रन अश्विन की विश्व कप के लिए Team India में वापसी, ICC ने किया कंफर्म

हैदराबाद। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम की अंतिम घोषणा हो गई है। बीसीसीआई प्रबंधन ने इस महीने की शुरुआत में अस्थायी टीम की घोषणा की थी। आईसीसी टूर्नामेंट के लिए अंतिम टीम जमा करने की अंतिम तिथि 28 सितंबर थी। सो, निश्चित दिन रविचंद्रन अश्विन के फैंस के लिए अच्छी खबर लेकर आया है। अश्विन को अक्षर पटेल की जगह 15 सदस्यीय टीम में शामिल कर लिया गया है। पटेल फिलहाल क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव के कारण टीम से बाहर हैं और वह इससे उभर नहीं पाए हैं। रिपोर्टों से पता चला है कि भारत के चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने से पहले पटेल के फिट होने की संभावना है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई वनडे सीरीज में अश्विन के प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का काम मुश्किल कर दिया था। 37 वर्षीय अश्विन अपनी गेंदबाजी में विभिन्ना के कारण चर्चा बटोर कर ले गए थे।

भारत विश्व कप टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन इशान किशन, सूर्यकुमार यादव। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले 2 वनडे में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी अश्विन की तारीफ की थी। उन्होंने कहा- जिस तरह से उन्होंने पिछले 2 मैचों में गेंदबाजी की है, मुझे लगता है कि उन्होंने विश्व कप के लिए जगह बना ली है। यदि अक्षर पटेल की फिटनेस पर जरा भी संदेह है तो उसे सावधान रहने की जरूरत है। अगर टीम प्रबंधन को लगता है कि वे अक्षर के साथ यह मौका नहीं ले सकते क्योंकि आगे विश्व कप है तो अश्विन को लिया जा सकता है।

एशियाई खेल: ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में जीता रजत

हांगझू। भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई खेलों में निशानेबाजी में देश का शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन व्यक्तिगत फाइनल में रजत पदक जीता। ऐश्वर्य ने कुल 459.7 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया। कुल 460.6 अंकों के साथ स्वर्ण पदक चीन के लिंशु डु को मिला, जो एशियाई खेलों का एक नया रिकॉर्ड है। चीन के जियामिंग तियान ने 448.3 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।एशियाई खेलों में निशानेबाजी में यह भारत का 18वां पदक है, जो इस

खेल की महाद्वीपीय स्पर्धा में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी है।

अब भारत के पास खेलों में आठ स्वर्ण, 12 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ 32 पदक हो गए हैं। हांगझू में ऐश्वर्य का यह चौथा पदक है। वहीं, स्वप्निल, जो पूरे फाइनल में आगे चल रहे थे और स्वर्ण पदक की ओर बढ़ रहे थे, ने 7.6 शॉट लगाकर महंगी गलती की और एक ही शॉट में पहले से पांचवें स्थान पर खिसक गए। महाराष्ट्र के 28 वर्षीय निशानेबाज ने शॉट्स में 10.5 और 10.1 का स्कोर दर्ज किया, लेकिन यह बहुत कम था। ऐश्वर्य की शुरुआत बेहद खराब रही, उन्होंने नी सीरीज 1 में दो सब-10 और 8.6 का स्कोर दर्ज किया।

मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी के निशानेबाज ऐश्वर्य ने सीरीज 2 में हाई 10 के सेट के साथ वापसी करते हुए 52.0 अंक जुटाए। इससे पहले, 17 वर्षीय पलक ने शुक्रवार को 10 मीटर एयर पिस्टल महिला व्यक्तिगत फाइनल में स्वर्ण पदक जबकि 18 वर्षीय ईशा सिंह ने रजत पदक हासिल किया था।242.1 अंकों के व्यक्तिगत स्कोर के साथ, पलक ने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि 2018 से चीन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, अपनी श्रेणी में एक नया एशियाई खेलों का रिकॉर्ड भी स्थापित किया। ईशा ने 239.7 अंकों के साथ रजत पदक जीता और इन खेलों में अपने चौथे पदक के साथ हांगझू में एक निशानेबाज के रूप में अपना अविश्वसनीय प्रदर्शन जारी रखा।

अद्वैत पेज, साजन प्रकाश ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में किया प्रवेश

हांगझू। भारतीय तैराक अद्वैत पेज और साजन प्रकाश ने शुक्रवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक और पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है। पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक में, 2:03.01 के समय के साथ, अपना नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए, अद्वैत सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले शीर्ष आठ तैराकों की सूची में आने में कामयाब रहे। हालाँकि, श्रीहरि 2:07.19 के समय के साथ 14वें स्थान पर रहे।

साजन ने भी पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें वह 1:58.40 के समय के साथ

छठे स्थान पर रहे, वह टेबल टॉपर जापान के टोमोरू होंडा से केवल 5.10 सेकंड पीछे थे, जिन्होंने एक नया एशियाई खेल रिकॉर्ड भी स्थापित किया।

अनीश गौड़ा हालांकि हीट में 13वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह पक्की नहीं कर सके।

50 मीटर महिला बटरफ्लाई में, नीना वेंकटेश ने 27.80 सेकंड का समय निकालकर हीट में 14वां स्थान हासिल किया, जो उनके लिए फाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था, लेकिन उन्हें एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करने में मदद करने के लिए पर्याप्त था।पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में, आर्यन नेहरा और कुशाग्र रावत फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे क्योंकि वे शीर्ष आठ प्रतियोगियों से बाहर रहे। महिलाओं की 4×100 मीटर मेडले रिले में, भारतीय टीम 4:23.46 समय के साथ नौवें स्थान पर रही।

पीसीबी प्रमुख ने खड़ा किया विवाद, वायरल वीडियो में भारत को बताया 'दुश्मन मुल्क'

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए पाकिस्तान टीम की भारत यात्रा के बीच एक और विवाद खड़ा कर दिया है।

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में, जका को खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के लिए दुश्मन मुल्क (दुश्मन देश) जाने के बारे में बात करते हुए सुना गया था, जबकि वह खिलाड़ियों के लिए पीसीबी के नए अनुबंध के बारे में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी कथित तौर पर भारत पर लक्षित थी। वायरल वीडियो में अशरफ ने कहा, 'हमने प्यार और स्नेह से अपने खिलाड़ियों को ये कॉन्ट्रैक्ट दिए. पाकिस्तान के इतिहास में

कभी भी खिलाड़ियों को इतनी बड़ी रकम नहीं दी गई। मेरा मकसद खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रखना था।' वे प्रतियोगिताओं के लिए दुश्मन देश ('दुश्मन मुल्क') जाते हैं। टूर्नामेंट से पहले हैदराबाद में भारत में पाकिस्तान के खिलाड़ियों द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के बीच जका अशरफ द्वारा की गई इन टिप्पणियों ने भारतीय और पाकिस्तान दोनों क्रिकेट प्रशंसकों को नाराज कर दिया है, कई लोगों ने सोशल मीडिया पर जका के बयानों के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त किया है। कई पाकिस्तानी नेटिज़न्स ने जका के बयान की आलोचना की।पाकिस्तान की टीम आज हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेगी। इसके बाद 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और अभ्यास मैच होगा। पाकिस्तान अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर से नीदरलैंड के खिलाफ करेगा। पाकिस्तान टीमः बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

अभिषेक के 2 गोल की मदद से भारत ने जापान के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की

हांग्जो । युवा स्ट्राइकर अभिषेक के 2 गोल की मदद से भारत ने गत चैंपियन जापान को 4-2 से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल गुरुवार को यहां खेला जाएगा। भारत के लिए अभिषेक (13वें, 48वें मिनट) ने दो फील्ड गोल किए, जबकि मंदीप सिंह (24वें) और अमित रोहिदास (34वें) ने भी गोल किए। जापान ने चौथे और अंतिम क्वार्टर के अंतिम पांच मिनट में वापसी की और जेनकी मितानी (57वें) और रयोसी काटो (60) के माध्यम से दो त्वरित गोल करके हार का अंतर कम कर दिया। भारत शनिवार को अपने अगले पूल ए मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगा।

दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय

टीम ने मैच के अधिकांश समय में अपना दबदबा बनाए रखा और गेंद पर कब्जा बनाए रखा। भारतीय टीम को पांचवें मिनट में ही पहला पेनल्टी कॉर्नर मिल गया था लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह की फ्लिक बाहर चली गई। जापान को 12वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने बचा लिया। इसके बाद अभिषेक ने रिवर्स स्टिक से गोल करके भारत को बढ़त दिला दी। भारत ने 24वें मिनट में मनदीप की मदद से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी, जिन्होंने नीलकांता के पास को सफलतापूर्वक गोल में धकेल दिया।

भारत को जल्द ही बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से दूसरे में रोहिदास ने एक शक्तिशाली ड्रैग-फ्लिक के साथ गोल दाग दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने तक भारत खतरनाक दिख रहा था और अधिक गोल की तलाश में जापानी डिफेंस पर लगातार दबाव बना रहा था। अंतिम क्वार्टर के तीन मिनट में भारत ने स्कोर 4-0 कर दिया जब अभिषेक ने मंदीप के साथ मिलकर दिन का अपना दूसरा गोल किया। जापान ने खेल के आखिरी पांच मिनट में 2 तेज गोल दागे लेकिन तब तक देरी हो गई थी।

एनारॉक की रिपोर्ट: सात शहरों में बिके रिकॉर्ड 1.20 लाख से ज्यादा मकान, बिक्री 36 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली। लोक प्रेरणा

होम लोन की स्थिर ब्याज दरों के बीच मजबूत मांग से जुलाई से सितंबर के बीच सात प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री सालाना आधार पर 36% बढ़कर रिकॉर्ड 1,20,280 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में इन शहरों में 88,230 मकान बिके थे। संपत्ति सलाहकार कंपनी एनारॉक के मुताबिक, कुल बिक्री में मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र और पुणे का कुल 51 फीसदी योगदान रहा। एनारॉक चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, जुलाई-सितंबर में सात शहरों में मकानों की औसत कीमतें सालाना आधार पर 11 फीसदी बढ़ीं। हैदराबाद में सबसे ज्यादा 18 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। उन्होंने कहा, आरबीआई के दो बार से रेपो दर को यथावत रखने से होम लोन पर ब्याज दरें स्थिर हैं। इससे बिक्री अच्छी बनी हुई है।

दिल्ली-एनसीआर में 6 फीसदी का उछाल

जुलाई-सितंबर में दिल्ली और एनसीआर में मकानों बिक्री 6% बढ़कर 15,865 इकाई पहुंची। मुंबई, महानगर क्षेत्र में बिक्री 46 फीसदी बढ़कर 38,500 इकाई पहुंच गई। बंगलूरू में बिक्री 29 फीसदी, पुणे में 63 फीसदी व हैदराबाद में 41 फीसदी बढ़ी है। चेन्नई में 42% व कोलकाता में 7 फीसदी की तेजी रही।

मुद्रा: 17 देशों की मुद्राओं के मुकाबले रुपये का प्रदर्शन सबसे बेहतर

नई दिल्ली। लोक प्रेरणा

डॉलर की तुलना में लगातार गिरावट के बावजूद रुपये का प्रदर्शन 17 देशों की मुद्राओं के मुकाबले बेहतर रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, सितंबर में 17 देशों की तुलना में रुपये में सबसे कम 0.62 फीसदी गिरावट आई है। मैक्सिको की मुद्रा में सर्वाधिक 4.80 फीसदी गिरावट रही। रिपोर्ट के अनुसार, डॉलर की तुलना में ताईवानी मुद्रा 1.21 फीसदी कमजोर हुई। मलेशियाई मुद्रा 1.46 फीसदी टूट गई। सिंगापुर डॉलर में 1.52 फीसदी गिरावट आई तो ऑस्ट्रेलिया की मुद्रा 1.74 फीसदी और दक्षिण अफ्रीका की मुद्रा 1.78% गिर गई। ब्राजीलियन रीयल 2.15% टूटी जबकि इंडोनेशिया की मुद्रा में 2.18 फीसदी गिरावट आई। तुर्किश लिरा में 2.29 फीसदी व कोरियाई मुद्रा में 2.39% गिरावट सितंबर में दर्ज की गई है। हालांकि, प्रमुख देशों में सिर्फ हांगकांग की मुद्रा ही 0.10 फीसदी मजबूत हुई है।

गिरावट क्यों और क्या होगा असर

रुपया में गिरावट मूल रूप से डॉलर के मजबूत होने, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने के कारण हो रही है। यह आगे भी जारी रह सकती है, क्योंकि कच्चा तेल इस समय 95 डॉलर प्रति बैरल के पार हो चुका है और इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। इसका असर यह होगा कि विदेशों में खर्च करना या पढ़ाई करना महंगा हो जाएगा। आयातित वस्तुएं महंगी होंगी और निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की ज्यादा कीमतें मिलेंगी।

बिजनेस डायरी

भारत को 30 फीसदी महंगा कच्चा तेल बेच रहा है रूस, अदाणी समूह ने बेचे 37,000 करोड़ के शेयर

नई दिल्ली। लोक प्रेरणा

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच रूस भारत को महंगा तेल बेच रहा है। इस समय यह पश्चिमी देशों को 60 डॉलर प्रति बैरल पर बेच रहा है जबकि भारत को 30% महंगी यानी 80 डॉलर प्रति बैरल पर बेच रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, वैश्विक तेल बाजार में आपूर्ति कम होने व कीमतें बढ़ने से रूस निर्यात का फायदा उठा रहा है। विश्लेषकों के मुताबिक, यही स्थिति रही तो देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। यह लंबे समय से स्थिर बनी हुई हैं। जब भारत सस्ते में रूस से तेल खरीद रहा था, तब भी खुदरा बाजारों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 100 रुपये के आस-पास थीं, और अब जब कच्चा तेल महंगा हो गया है, तब भी यह उसी भाव पर स्थिर है।

कार्गो की लोडिंग 80 डॉलर प्रति बैरल पर

कारोबारियों का कहना है कि अक्तूबर की जो तेल की इस समय कार्गो लोडिंग हो रही है, वह 80 डॉलर प्रति बैरल पर हो रही है। रूस में कच्चे तेल का भंडार कम हो गया है। उत्पादन में भी कटौती की गई है। सूत्रों के मुताबिक, कटौती से भारतीय बंदरगाहों पर यूराल के लिए लूट कम होकर 4-5 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।

अब बैंक और डाकघरों में भी मिलेगा एनपीएस

न्यू पेंशन सिस्टम में निवेश आसान होगा। लोगों को नए पेंशन उत्पाद सभी बैंक शाखाओं व डाकघरों में भी मिलेंगे। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन दीपक मोहंती ने बताया कि इन्हें जल्द सभी बैंकों में उपलब्ध कराने की योजना है। हालांकि, कुछ बैंक शाखाओं में यह अब भी मिल रहे हैं। मोहंती के मुताबिक, एनपीएस वितरण के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) और बैंक प्रतिनिधियों को जोड़ा है। इससे गांवों व छोटे कस्बों के लोग भी योजना का लाभ ले सकेंगे।

13 लाख नए सदस्य जोड़ेंगे

मोहंती ने बताया, चालू वित्त वर्ष में निजी क्षेत्र से न्यू पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत 13 लाख सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य है। पिछले वित्त वर्ष में 10 लाख सदस्य जोड़े थे। इस साल 16 सितंबर तक एनपीएस से जुड़े लोगों की संख्या 1.36 करोड़ थी। अटल पेंशन योजना के तहत ग्राहकों की संख्या 5 करोड़ है।

अदाणी समूह ने बेचे 37,000 करोड़ के शेयर

अदाणी समूह के प्रमोटरों ने इस साल जनवरी से लेकर जून तक 37,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, कुल 87,000 करोड़ के शेयर विभिन्न कंपनियों के प्रमोटरों ने बेचे हैं जिनमें से 40 फीसदी अदाणी समूह ने बेचा है।

बीएसई पर सूचीबद्ध होगी विवा ट्रेडकॉम

विवा ट्रेडकॉम बीएसई एसएमई पर सूचीबद्ध होगी। कंपनी आईपीओ में 51 रुपये प्रति शेयर के भाव से 7.99 करोड़ जुटाएगी। यह कपड़े और गारमेंट के निर्माण और कारोबार से जुड़ी है। 2,000 शेयरों के लिए आवेदन किया जा सकता है।

एनएसई के निवेशकों की संख्या 8 करोड़ पार

एनएसई पर पिछले 8 माह में एक करोड़ नए निवेशक जुड़े हैं। इसके साथ ही कुल निवेशकों की संख्या 8 करोड़ के पार हो गई है। एनएसई ने कहा कि बड़े शहरों के अलावा छोटे शहरों के भी निवेशक तेजी से बाजार में आ रहे हैं।

खनिज उत्पादन में 10.7% वृद्धि

भारत का खनिज उत्पादन इस साल जुलाई में सालाना आधार पर 10.7 फीसदी बढ़ गया। भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई, 2023 के लिए खनन व उत्खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक 111.9 पर रहा। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में यह 10.7 फीसदी अधिक है।

चालू वित्त वर्ष में 13.5% रह सकती है कर्ज की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में कर्ज की वृद्धि दर 13-13.5 फीसदी रह सकती है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष में यह मामूली सुधरकर 13.5-14 फीसदी रह सकती है। क्रिसिल ने कहा, कुल कर्ज में थोक ऋण का हिस्सा 60 फीसदी है। हालांकि, यह 2022-23 में एक दशक के उच्च स्तर 15% से घटकर 11-11.5% पर आ गया है।

यस सिक्योरिटीज पर पांच लाख जुर्माना

ग्राहकों के नेटवर्थ और मार्जिन की गलत जानकारी देने के मामले में सेबी ने यस सिक्योरिटीज पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इस रकम को 45 दिनों में देना होगा। सेबी, एनएसई, बीएसई और एमसीएक्स ने सूचना मिलने पर संयुक्त रूप से यस सिक्योरिटीज की जांच की थी।

आईसीआईसीआई लोंबार्ड को 1,729 करोड़ का जीएसटी भुगतान नोटिस

जीएसटी इंटेलिजेंस इन दिनों कंपनियों को जमकर टैक्स नोटिस भेज रहा है। बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) इंटेलिजेंस महानिदेशालय ने जुलाई 2017 से मार्च 2022 तक टैक्स का कथित भुगतान न करने पर 1,728.9 करोड़ का टैक्स और कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय के पुणे जोन ने आईसीआईसीआई लोंबार्ड को जो नोटिस भेजा है, वह को-इंश्योरेंस प्रीमियम और री-इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी भुगतान न करने से जुड़ा है।

पाकिस्तान ने फिर फैलाई चीन-सऊदी अरब के सामने झोली! मांगे 11 अरब डॉलर

नई दिल्ली। लोक प्रेरणा

पैसों की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन और सऊदी अरब के सामने अपनी झोली फैलाई है। दरअसल पाकिस्तान ने अगले सरकार के सत्ता में आने तक अपने बाहरी और घरेलू संसाधनों के बीच के अंतराल को भरने और आईएमएफ के बेलाउट कार्यक्रम को ट्रैक पर रखने के लिए चीन और पाकिस्तान से 11 अरब डॉलर की आर्थिक मदद देने की गुहार लगाई है।

पाकिस्तान में कृषि को टैक्स के दायरे में लाने की तैयारी

बता दें कि पाकिस्तान में फिलहाल कार्यवाहक सरकार काम कर रही है और बढ़ते आर्थिक बोझ को कम करने के लिए पाकिस्तान की सरकार खुदरा व्यापार, कृषि और रियल एस्टेट सेक्टर्स में भी टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। साथ ही पाकिस्तान की सरकार अवैध करेंसी के मूवमेंट पर भी रोक लगाने की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान की कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर ने वित्त और राजस्व की सीनेट की स्थायी समिति के सामने यह जानकारी दी। सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष सांसद सलीम मांडवीवाला हैं। शमशाद अख्तर ने बताया कि सरकार आर्थिक पुनर्द्धार योजना पर काम कर रही है और यह योजना जल्द ही पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकर को सौंपी जाएगी।

आईएमएफ की किस्त के लिए किए जाएंगे अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार

पाकिस्तानी वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार फिलहाल देश के आर्थिक ढांचे में संरचनात्मक बदलाव तो नहीं कर सकती लेकिन आईएमएफ के बेलआउट कार्यक्रम के मुताबिक उन्होंने कुछ सुधारों को लागू करने की बात कही जो आईएमएफ की 700 मिलियन डॉलर की कर्ज किश्त मिलने के लिए जरूरी हैं। इस बारे में पाकिस्तान की सरकार अक्तूबर के अंत में आईएमएफ के साथ बात करेगी।

आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच बीते जून में तीन अरब डॉलर के पैकेज के समझौते पर सहमति बनी थी। वित्त मंत्री ने कहा कि फिलहाल आईएमएफ प्रोग्राम का पालन करना उनकी प्राथमिकता है ताकि देश में आर्थिक स्थिरता रहे। पाकिस्तानी वित्त मंत्री ने कहा कि 700 मिलियन डॉलर की लोन किस्त से बाहरी प्रवाह बेहतर होगा।

साथ ही चीन और सऊदी अरब से 11 अरब डॉलर की मदद देने की भी अपील की गई है। साथ ही सऊदी अरब से तेल सुविधा में रियायत की अपील की गई है। बाहरी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्त्रोतों जैसे विश्व बैंक, एशियन डेवलेपमेंट बैंक, इस्लामिक डेवलेपमेंट बैंक से 6.3 अरब डॉलर की मदद लेने की भी कोशिश की जा रही है।

त्योहारों से पहले सोना तीन दिन में 1100 तो चांदी 2250 रुपये सस्ती, छह माह के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली । लोक प्रेरणा

त्योहारी सीजन से पहले सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। सोना पिछले तीन कारोबारी सत्रों में 1,100 रुपये सस्ता हुआ है, जबकि चांदी की कीमत में भी 2,250 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 650 रुपये सस्ता होकर 59,000 से नीचे 58,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी 1,000 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 74,000 से नीचे पहुंच गई और 73,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम व चांदी 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड पर रिटर्न में उछाल से वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। कॉमेक्स पर सोना छह माह के निचले स्तर पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरकर 1,877 डॉलर प्रति औंस रहा। चांदी भी कमजोरी के साथ 22.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस शोध) नवनीत दमानी ने कहा, बाजार का ध्यान अब दूसरी तिमाही के लिए अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के संशोधित आंकड़ों और साप्ताहिक बेरोजगार दावों पर केंद्रित है।

सेंसेक्स 610 अंक टूटा 2.95 लाख करोड़ डूबे

घरेलू शेयर बाजार गिरावट में बंद हुए और सेंसेक्स 610 अंक लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने से बाजार नुकसान में रहा।

एयर इंडिया ने गिफ्ट सिटी के माध्यम से पूरा किया पहले ए350 विमान का अधिग्रहण, क्यों है खास

देश के पहले अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण यानी कि गिफ्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक दीपेश शाह ने कहा कि वह विमानों के पट्टे और वित्तपोषण के लिए अन्य शेयरधारकों के साथ मिलकर एक रेगुलेटरी विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं

नई दिल्ली । लोक प्रेरणा

एयर इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि उसने गिफ्ट सिटी के माध्यम से पहले ए350-900 विमान का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। यह अधिग्रहण वित्तीय पट्टा लेनदेन के माध्यम से एचएसबीसी के साथ किया गया है। गिफ्ट सिटी के माध्यम से पहला चौड़ी बॉडी वाले विमान का पट्टा है। एयर इंडिया ने एक बयान जारी कर बताया कि लेनदेन एयर इंडिया की अनुषंगी कंपनी एआई फ्लीट सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा किया गया। एयर इंडिया के 470 विमानों की सौदे का यह पहला वित्तीय लेनदेन भी है।

गिफ्ट सिटी में विमान पट्टे के व्यवसाय की शुरूआत

टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया को उम्मीद है कि सौदे के तहत पहला ए350-900 विमान इस साल के अंत तक भारत पहुंच सकता है। एयर इंडिया के चीफ कमर्शियल एंड ट्रांसफोर्मेशन अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा कि यह ऐतिहासिक लेनदेन, गिफ्ट सिटी से हमारे विमान पट्टे के व्यवसाय की शुरूआत है। एआई फ्लीट सर्विसेज लिमिटेड, एयर इंडिया की पहली कंपनी है जो चौड़ी बॉडी वाले विमानों का वित्तपोषण कर रही है। इससे हमें भविष्य में हमारे और हमारे सहयोगियों के लिए विमान वित्तपोषण रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।

सौदे को लेकर क्या बोले अधिकारी

वहीं देश के पहले अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण यानी कि गिफ्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक दीपेश शाह ने कहा कि वह विमानों के पट्टे और वित्तपोषण के लिए अन्य शेयरधारकों के साथ मिलकर एक रेगुलेटरी विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया द्वारा विमानों के वित्तपोषण और पट्टे के लिए गिफ्ट सिटी में एक वित्तीय कंपनी की स्थापना करना, गिफ्ट सिटी को विमानों के पट्टे और वित्तपोषण के लिए दुनिया भर में महत्वपूर्ण जगह बनाने में अहम साबित होगा। बता दें कि एयर इंडिया ने छह ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है, जिनमें से पांच की डिलीवरी मार्च 2024 तक होनी है। इसके अलावा कंपनी ने 470 नए विमानों का भी ऑर्डर दिया है, जिनमें 34 ए350-1000, 20 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, 10 बोइंग 777एक्सएस, 140 ए320 नियोज, 70 ए321 नियोज और 190 बोइंग 737मैक्स विमान शामिल हैं।

एक नजर...

मुरैना आगामी विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया एवं बलवा मौक ड्रिल परेड कराई गई...

केशब पंडित जी अम्बाह...

मुरैना... आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक

शैलेन्द्र सिंह चौहान के आदेशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द ठाकुर मुरैना के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री राकेश गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 30.09.20023 को रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन मुरैना कनक सिंह चौहान, थाना प्रभारी जौरा निरी आलोक परिहार, सूबेदार गजेन्द्र परिहार पुलिस लाईन मुरैना द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 मतदान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे उपस्थित जिला मुरैना के थाना कार्यालयों में पदस्थ प्रआर एवं सउनि स्तर के 160 अधिकारी कर्मचारियों को चुनाव के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया जो निम्नानुसार है 1- मतदान केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार प्रतिबंधित रहेगा बूथ पर नियुक्त व्यक्ति उस मतदान केन्द्र का मतदाता होना चाहिये उसके पास इपिक होना चाहिये तथा पुलिस अथवा मजिस्ट्रेट के मार्ग जाने पर दिखाना चाहिये।

2. बूथ स्थापना से पूर्व स्थानीय निकाय या ग्राम से स्थानीय कानून के अधीन अनुमती लेनी चाहिये और बूथ पर नियुक्त व्यक्ति के पास अनुमति उपलब्ध रहनी चाहिये।

3. मतदान केन्द्र के अन्दर बाहर कानून एवं बनाये रखने के लिये राज्य पुलिस अकेली जिम्मेदार होगी। सीएपीएफ को राज्य पुलिस बल से विस्थापित नहीं किया जायेगा तथा किसी भी स्थिति में डिप्लाईमेन्ट प्लान का उल्लंघन नहीं किया जायेगा तथा किसी आकस्मिक दशा मे भी स्टेट पुलिस फोर्स का अधिकारी अपने आप को मतदान केन्द्र पर अव्यवस्थित नहीं करेगा और न ही सीएपीएफ बल के कार्य को सुपरवाई करेगा न ही कोई उन पर नियंत्रण करेगा।

4. बल्नेरेबल एरिया वाले मतदान केन्द्रों पर विश्वास निर्माण के कदम उठायेंगे। लोकल स्टेट पुलिस इनके साथ अत्यंत महत्वपूर्ण तरीके से लगाई जायेगी ताकि मतदान दिवस को मतदाता स्वतंत्र रूप से निर्भीक होकर मतदान कर सके।

5. मतदान केन्द्र की सुरक्षा हेतु मतदान केन्द्र पर पहुंचकर सर्वप्रथम मतदान के सभी अधिकारियों से चर्चा एवं फोन नम्बर एकत्रित कर यह जाँच से कि ये सभी वही अधिकारी है जिनकी ड्यूटी अमकमान केन्द्र पर लगी हुई है कही कोई अन्य व्यक्ति तो नहीं है एवं इनके अलावा अन्य किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश तो मदान केन्द्र हुआ।

6. मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में यदि कोई आपत्तिजनक वस्तु या भीड-भाड की स्थिति बनती है जो कम की प्रक्रिया को
प्रभावित कर सकती है तो सर्वप्रथम अपने क्षेत्र के सेक्टर अधिकारों एवं अधिकारियों को सूचित करेंगे।

7. निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया में सहयोग हेतु नियुक्त किये जाने वाले पोलिंग एजेंटो द्वारा एक हस्तलिखित प्रमाणीकरण प्राप्त करना चाहिये कि यह व्यक्ति आपराधिक प्रवृत्ति का तो नहीं है। मतदान केन्द्र पर लगे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाये तत्यक्षात उनसे मोबाइल एवं अन्य आपतिजनक वस्तुओं को जन्म करने के बाद ही पोलिंग एजेन्ट बनाना चाहिये, जिससे कि मतदान के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा न हो यदि ऐसा प्रतीत होता है कि अमुख व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी गलत है एवं कानून व्यवस्था की स्थिति बन सकती है तो तत्काल सेक्टर अधिकारी को सूचित कर अमुख व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जानी चाहिये हेतु ।

8. ईव्हीएम सुरक्षा हेतु मतदान केन्द्र पर यह सुनिश्चित कर लेवे कि कक्ष में लगे कैमरे चालू स्थिति में हो एवं एक अन्य वीडियोग्राफर भी आवश्यकता प?ने पर कक्ष में उपस्थित हो।

क्षत्रिय सामाजिक संस्था राजपूताना के तत्वावधान में वैवाहिक परिचर्चा एवं परिचय सम्मेलन हुआ सम्पन्न

महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। क्षत्रिय सामाजिक संस्था राजपूताना के तत्वावधान में वैवाहिक परिचर्चा एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन संत श्री कृपाल सिंह जी महाराज के मुख्यातिथ्य एवं आचार्य जगदीश तोमर की अध्यक्षता में भिंड रोड स्थित एक निजी होटल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुनेंद्र सिंह भदौरिया,राकेश सिंह राठौर, श्रीमती किरण भदौरिया, धीरेंद्र सिंह चौहान ,यशपाल सिंह बैस विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ गणेश जी पूजा अर्चना एवं विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हुआ। सभी अतिथियों का परिचय सचिव दीपक तोमर ने दिया। साथ ही सभी अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत करते हुए उनकी उपस्थिति

हेतु सभी क्षत्रिय समाज की ओर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर अध्यक्षता कर रहे आचार्य जगदीश तोमर ने इस आयोजन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज हित में तन मन धन से योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि परम पूज्य संत कृपाल सिंह महाराज ने इस आयोजन को अभिनव प्रयोग बताते हुए सचिव एवं संयोजन कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद देते हुए यथासंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही एवं उन्होंने भविष्य में ऐसे ही आयोजन के लिए बहुत हृदय से अपना हर योगदान देने के लिए आश्वस्त किया। इसी प्रकार श्री राकेश सिंह राठौर ने ÷राजपूत कन्या छात्रावास÷ हेतु 11 लाख रुपए की राशि देने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार अन्य अतिथियों ने अपने भाव व्यक्त करते हुए आयोजन में अपनी पूर्ण सहयोगिता हेतु आश्वासन दिया।समाज के हित में पर अतिथियों ने अपनी संबोधन में इस सामाजिक आयोजन को पूर्णत= गैरराजनीतिक एवं समाज के मध्य प्रेम, सद्भाव , संवाद एवं समन्वय व सफल वैवाहिक संबंध हेतु अनुपम पहल बताया। राजपूताना के संयोजक दीपक तोमर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजपूताना क्षत्रिय परिजनों के मध्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में सहयोग प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में वैवाहिक परिचर्चा एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन कर एक नई पहल संस्था ने की है। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा एवं अमर सिंह परिहार ने जानकारी दी कि परिचय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिजनों के मध्य उपयुक्त जानकारी प्रस्तुत कर इच्छुक परिवारों के बीच सहज बातचीत हो सके यह सुनिश्चित करना है। राजपूताना के प्रथम प्रयास मे 40परिवारों ने कार्यक्रम में भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन मिताली सिंह तोमर ने किया । इस अवसर पर राजपूताना के यशपाल सिंह बैस,पी .एस. कुशवाहा, डॉ.आदित्य भदौरिया, अनंगपाल सिंह भदौरिया, सागर नाती , सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राजपूताना के अनेक गणमान्यजन एवं विशिष्ट जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव दीपक तोमर द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया ।इसके पश्चात् सुरुचि भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम बहुत ही सफल एवं सराहनीय रहा।

म0प्र0 के कृषि मंत्री रहे विधायक सचिन यादव ने कहा

मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

खरगोन, म0प्र0 के कृषि मंत्री रहे कसरावद के विधायक सचिन यादव ने कहा कि निमाड अंचल के साथ ही समूचे मध्यप्रदेश के

खरगोन जिले में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएंसहकारिता के माध्यम से कृषि पर आधारित उद्योग किये जाए स्थापितसहकारी सूत मिल और शक्कर कारखाने की 39 वी वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

विकास के लिये कृषि पर आधारित उद्योग धन्धों की श्रृंखलाबद्ध स्थापना करना होगी । उन्होंने आज शनिवार को सूत मिल परिसर खरगोन में जवाहरलाल नेहरू सहकारी एग्रीकल्चरल प्रोडयूस प्रोसेसिंग सोसायटी लिमिटेड खरगोन की 39 वी वार्षिक साधारण सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेती की लागत को कम कर फसल का वाजिब मूल्य देने पर ही किसान का विकास होगा और वह समृद्धशाली बनेगा । श्री यादव ने किसानों से आव्हान किया

कि वे गन्ने की फसल लगाकर आत्मनिर्भर बने ।श्री यादव ने कहा कि निमाड अंचल के किसानों के विकास के लिये म0प्र0 के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं मेरे पिताश्री सुभाष यादव ने खरगोन जिले में सहकारी सूत मिल और सहकारी शक्कर कारखाने की स्थापना की थी । पिछले 35 वर्षों से संचालित सहकारी सूत मिल और शक्कर करखाने से ग्रामीण युवाओं को रोजगार मिला वहीं किसानों की उपज का वाजिब दाम भी इन संस्थानों द्वारा दिया गया । श्री यादव ने आगे कहा कि खरगोन जिले में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं है । हमारी कोशिश होनी चाहिए कि जिले में सहकारी आन्दोलन के माध्यम से कृषि पर आधारित उद्योग धन्धे और छोटे बडे कल कारखानों की स्थापना कर उनका संचालन करे ।

पाटन के नगर सेवक, मनोज पटेल ने अपना जन्मदिन समाज सेवा के साथ-साथ संगीत के साथ मनाया

पाटन ब्यूरो
दैनिक पुष्पांजली टुडे

गुजरात। संगीत से सेवा और अंगदान ही महादान सुत्रको सार्थक करने वाली संगीत संस्था हेरिटेज कराओके ग्रुप, पाटन के गायक एवम् आयोजको के साथ संगीत की धुन पर मनोज पटेल को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए कार्यक्रम तैयार किया गया। नगरसेवक मनोज पटेल द्वारा मिलेनियम मेगास्टार अमिताभ बच्चन पर फिल्माए गए गीतों का एक रंगारंग कार्यक्रम हेरिटेज कराओके ग्रुप, पाटन के स्टूडियो में आयोजित किया गया और इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हेरिटेज कराओके ग्रुप के फेसबुक पेज पर भी किया गया, जिसके पंद्रह सो से अधिक दर्शकों ने सदस्योने ओनलाईन कार्यक्रम का लुत्फ उठाया और प्रत्यक्ष रूप से मनोज पटेल के जन्मदिन समारोह में

भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मनोज पटेल ने अमिताभ बच्चन की जो उनके पसंदिदा नायक रहे है उनसे से मिलने की अपनी चाहत, अपने प्रयासों और असफलताओं का जिक्र किया। और फिर मेगास्टार अमिताभ बच्चन से कैसे मुलाक़ात हुई उसे याद करते हुए गुजरात पर्यटन विभाग के विज्ञापन कुछ दिन तो गुजारो गुजरात मे की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन के साथ बिताए चार घंटों को याद किया।मनोज पटेलने उनके जन्मदिन पर दोस्ती की उनके जन्मदिन पर दोस्ती की मिसाल को याद करते हुए उनके स्कूल के दोस्तों मुन्ना मलिक, हसू पटेल, पप्पू खान पठान और ब्रिजेश भाई के साथ हुए अनुभवो कोभी साझा किया हेरिटेज ग्रुप ने अमिताभ बच्चन के हिंदी गाने गाए और संगीत से सेवा को अपना समर्थन देने का वादा किया।

हजारों नागरिको के बीच गौरव सन्नी महाजन ने दिखाए तीखे तेवर

किसानों मजदूरों गरीबों की समस्याओं से कोई समझोता नही होगा

मुख्यमंत्री से महाजन ने की मांग नर्मदा जल दिजीए,श्यामपुर में गर्ल्स कॉलेज होस्टल बनाईऐं,

सोयाबीन गेंहू उधोग लगाईऐं ,बेरोजगारों को रोजगार दिजीए, बिजली बिलों को कम किजीए,

विधानसभा क्षेत्र सीहोर की जनता ने मनाया अपने लाडले नेता गौरव सन्नी महाजन का जन्मदिवस

कार्यकर्ताओं समर्थकों ने तहसील चौराहा से भोपाल नाका तक निकाली विशाल ऐतिहासिक महारैली

सीहोर। शनिवार को कार्यमंगलम में जन्मदिवस पर आयोजित सभा के दौरान गौरव सन्नी महाजन ने अपने तीखे तेवर दिखाकर सबको हैरान कर दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा की किसानों मजदूरों गरीबों आदिवासियों अल्पसंख्यकों अनुसुचित जाति वर्गों की समस्याओं और असुविधाओं से कोई समझोता नही होगा। इधर विधानसभा क्षेत्र सीहोर के हजारों नागरिकों ने अपने लाडले नेता गौरव सन्नी महाजन का जन्मदिवस महोत्सव के रूप में हर्षोउल्लास के साथ मनाया। विधानसभा क्षेत्र सीहोर के प्रत्येक गांव कस्बों नगरों से सीहोर पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं समर्थकों किसानों मजदूरों गरीबों ने तहसील चौराहा से भोपाल नाका तक गौरव सन्नी महाजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशाल ऐतिहासिक महारैली निकाल कर राजनैतिक विश्लेषकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इसी दिन गौरव सन्नी महाजन के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र सीहोर के ग्रामीण अंचलों में कार्यकर्ताओं के द्वारा निकाली गई घर घर द्वार द्वार दस्तक अभियान यात्रा का समापन भी किया गया। गौरव सन्नी महाजन को जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाएं देने के लिए हजारों लोगों को जनसमूह उमड़ पड़ा। हालात ऐसे बने की कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस को भी व्यवस्था संभालनी पड़ी।गौरव सन्नी महाजन ने सुबह सप्रथम निजनिवास पर पूजा अर्चना के बाद अपनी 75 वर्षीय माता उर्मिलादेवी महाजन का आशिर्वाद लिया जिस के बाद श्री महाजन अपनी धर्मपत्नि श्रीमति शोभना महाजन और पारिवारिक सदस्यों के साथ चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचे और भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर भगवान का आशिर्वाद लिया। तहसील चौराहा पर सुबह दस बजे से श्यामपुर, अहमदपुर, दोराहा, बड़े?ड़ा हसन, चरनाल सहित ग्रामीणों अंचलों से सैकड़ों दो व चार पहिया वाहनों में सवार होकर हजारों के संख्या में ग्रामीणजनों का आना शुरू हो गया था। सैकड़ों लोगों ने गौरव सन्नी महाजन के तहसील चौराहा पहुचते ही उनका फूल मालाओं से स्वागत कर जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाऐं दी। तहसील चौराहा पर अनेक लोगों ने फल बांटकर पानी के

पाउज बाटकर भी पिंपे नेता गौरव सन्नी महाजन का जन्मदिवस मनाया। तत्पश्चात अनेक ढोलों बेड़बाजों डीजों के साथ गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में महा विशाल रैली का शुभारंभ किया गया।ऐतिहासिक महारैली में नाचते गाते सन्नी भैया संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है का जयघोष करते हुए हजारों कार्यकर्ता समर्थक अटल बिहारी वाजपेय चौराहा पहुंचे यह पर अनेक समर्थकों के द्वारा बुल्डोजर के माध्यम से महाजन पर जोरदार फूलों की वर्षा की गई। शहर के बड़ा बाजार, पान चौराहा, पर भी शहर के दुकानदारों ने भव्य स्वागत किया। बदरी महल चौराहा पर मुस्लिम समाजजनों ने अपने प्रिय नेता गौरव सन्नी महाजन को पुष्प मालाऐं पहनाई। कोतवाली चौराहा पर राठौर क्षत्रीय समाज और यादव समाजजनों सहित सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के द्वारा महाजन का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अनेक स्थानों पर महाजन के द्वारा केक भी काटे गए। ऐतिहासिक महारैली इंग्लिशपुरा रोड से भोपाल नाका स्थित कार्यमंगलम परिसर में पहुंची।

महाविशाल रैली में कार्यकर्ता अपने प्रिय नेता के समर्थन में बेनर पोस्टर हाथों में लिए चल रहे थे।

कार्यमंगलम में किसानों मजदूरों गरीबों अनुसुचित जाति जनजाति आदिवासी अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गों के सर्वमान्य नेता गौरव सन्नी महाजन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की हमारे क्षेत्र में सोयाबीन और गेहूं उत्पादन सबसे अधिक होता है इसलिए इन्हीं से संबंधित कुछ बड़े उद्योग विधानसभा क्षेत्र में लगाए जाने चाहिए। जिससे की बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और किसानों का भी फायदा होगा। महाजन ने कहा की किसानों को बिजली बिल मनमाने तरीके से दिए जा रहे है यह नही चलेगा बिजली बिलों को कम किया जाए और जनता को राहत दी जानी चाहिए। महाजन ने कहा की विधानसभा क्षेत्र के श्यामपुर दोराह अहमदपुर में उच्चशिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को गल्स कॉलेज और होस्टल नही होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र में शासकीय गल्स कॉलेज और होस्टल होना जरूरी है। महाजन ने आगे कहा की सीहोर क्षेत्र में पानी की भी कमी है इसलिए नर्मदा का जल क्षेत्र को मिलना चाहिए जिससे की नागरिकों की समस्या का निराकरण हो महाजन ने कहा की यह सभी मागे मुख्यमंत्री से की जा रही है उन्होने कहा की किसानों मजदूरों गरीबों आम जनता की समस्याओं से कोई समझोता नही होगा। विधानसभा क्षेत्र सीहोर के कोने कोने से पहुंचे हजारों समर्थकों का गौरव सन्नी महाजन ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

सचिन-जिगर अपने लेटेस्ट सिंगल धीमे-धीमे के साथ नवरात्रि में धूम मचाने के लिए तैयार

खरगोन जिले
मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

जैसे-जैसे नवरात्रि का त्योहारी सीजन नजदीक आ रहा है, प्रसिद्ध संगीत जोड़ी सचिन-जिगर अपने नए सिंगल धीमे-धीमे की रिलीज के साथ इस नवरात्रि को यादगार बनाने के लिए तैयार है, जो 3 अक्टूबर को रिलीज होगी। अपने सदाबहार संगीत हुनर और चार्ट-टॉपिंग हिट बनाने के लिए जाने वाले, सचिन-जिगर इस त्यौहारी धमाके के साथ अपने चार्ट बस्टर में एक और गाना जो?ने के लिए तैयार हैं। धीमे धीमे एक पल्सेट और एनर्जेटिक रचना होने का वादा करती है जो बेशक पूरे देश में नवरात्रि समारोह का गाना बन जाएगा। सचिन-जिगर के संगीत में हमेशा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री के साथ समकालीन तत्वों को सहजता से मिश्रित करने की उल्लेखनीय क्षमता रही है, और धीमे धीमे ऐसा करने का वादा करता है। उम्मीद है कि यह आधुनिक धुनों और पारंपरिक धुनों का एक आदर्श मिश्रण होगा जो लोगों को नवरात्रि की नौ रातों में इसकी लय पर थिरकने पर मजबूर कर देगा। अपनी असाधारण संगीत प्रतिभा के साथ, सचिन-जिगर के पास सफल नवरात्रि हिट तैयार करने का इतिहास है, जिन्होंने त्योहारी सीज़न में आग लगा दी है। एक संयुक्त बयान में सिंगल के बारे में बात करते हुए सचिन-जिगर ने कहा, ÷हम अपने नए नवरात्रि गीत धीमे-धीमे के मोशन पोस्टर का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं। यह गुजराती लोक संगीत का एक आशाजनक वापसी है, और इसे सभी के साथ साझा करने में हमें अधिक खुशी नहीं हो

सकती। नवरात्रि का त्योहार हर किसी के लिए खास होता है और लोग इसके आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, खासकर गरबा उत्सव का। इस विशेष नवरात्रि गीत के साथ, हम अपने फैंस के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जो हमारी संगीत यात्रा के दौरान हमारा निरंतर समर्थन करते रहे हैं। यह उन्हें धन्यवाद देने और अपने संगीत के माध्यम से खुशी और उत्सव की भावना फैलाने का हमारा तरीका है और यह गीत आप सभी के साथ इस पसंदीदा त्योहार को मनाने का हमारा तरीका है! राधा ने श्याम, धूनी रे ढाखवी बेली, और जोदे तम रहेजो राज जैसी शुरुआती हिट फिल्मों से लेकर, सचिन-जिगर के पास सफल नवरात्रि हिट तैयार करने का इतिहास है, जिन्होंने त्योहारी सीजन में आग लगा दी है। जैसे ही नवरात्रि की उलटी गिनती शुरू होती है, उत्साह चरम पर है, और सचिन-जिगर का धीमे-धीमे इस त्योहारी सीज़न का संगीतमय आकर्षण बनने के लिए तैयार है। सचिन-जिगर की धुनों पर नाचने के लिए तैयार हो जाइए और इस नवरात्रि को एक यादगार अनुभव बनाइए!

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478